# मृदुभाषी

सच्ची खबरें, सलीके के साथ

इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित

facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com

इंदौर, गुरुवार, 29 जून 2023 नगर संस्करण, वर्ष: 03, अंक 308, पृष्ठ : 08, मूल्य: 3.00 रुपए


# केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल 30 जून के बाद कभी भी!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उड़ती खबर

भाजाप अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव और इस साल होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। सूत्रों का कहना है कि मोदी सरकार जल्द कैबिनेट में फेरबदल कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। अगर केंद्रीय कैबिनेट में फेरबदल होता है, तो मानसून सत्र से पहले होगा। मानसून सत्र 17 जुलाई से शुरू हो सकता है। यह 10 अगस्त तक चलेगा। हालांकि, मानसून सत्र पर फाइनल मुहर संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में लगेगी। अगले कुछ दिनों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली सीसीपीए की बैठक होगी। सूत्रों का कहना है कि 30 जून के बाद कभी भी बदलावों का ऐलान हो सकता है। लोकसभा चुनाव से पूर्व मोदी मंत्रिमंडल का यह अंतिम विस्तार होगा। यही कारण है कि इसके लिए व्यापक स्तर पर मंथन हुआ है।



**हो चुकी है महत्वपूर्ण बैठक:-** सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी में बदलाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव (संगठन) बीएल संतोष में कई दौर की बातचीत हो चुकी है। अभी इन बदलावों पर पीएम मोदी की मुहर लगना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में विस्तार के जरिये राज्यों के समीकरण साधे जाएंगे। इसके जरिये राज्यों के सियासी, सामाजिक समीकरण साधे जाएंगे। इसके अलावा गुजरात-कर्नाटक समेत तीन राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों का ऐलान भी हो सकता है।

### मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ को लेकर चिंता

भाजपा खासतौर पर चुनावी राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ को लेकर चिंतित है। आगामी चुनाव के मद्देनजर पार्टी इन राज्यों के साथ हरियाणा में भी कई स्तर पर बदलाव करेगी। राज्यों से मिली रिपोर्ट के आधार पर बदलाव के सुझावों पर सख्ती के साथ अमल किया जाएगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कई राज्यों के प्रभारियों के बदलाव पर सहमति बनी है। राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह को हटाया जाना तय है। इसके अलावा दूसरे चुनावी राज्यों के भी प्रभारियों में बदलाव होगा। लंबे समय तक महासचिव और उपाध्यक्ष के पद पर रहने वाले ज्यादातर नेताओं की भी विदाई होगी। केंद्रीय संगठन में खाली पदों को भी भरा जाएगा। कई राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष को भी बदलने पर सहमति बनी है।

### एनडीए को विस्तार देने की योजना

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की योजना एनडीए को भी विस्तार देने की है। इस क्रम में तेलुगु देशम पार्टी और राष्ट्रीय लोक जनता दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से सहमति बन गई है। अकाली दल, विकासशील इंसान पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से बातचीत की प्रक्रिया जारी है। पार्टी बिहार के हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) को अपने साथ कर चुकी है। पार्टी की रणनीति इसी महीने तक इन सभी दलों को पूरी तरह से साधकर एनडीए के कुनबे को पहले की तरह बड़ा करने की।

### बनेगी नड्डा की नई टीम

सूत्रों के मुताबिक मोदी मंत्रिमंडल में बदलाव और विस्तार के बाद जेपी नड्डा की टीम घोषित होगी। जिन बड़े या जनता पर पकड़ और क्षेत्र में प्रभाव रखने वाले नेताओं को मंत्री नहीं बनाया जाएगा, उन्हें संगठन में जिम्मेदारी दी जाएगी। क्षेत्रीय और जातीय आधार का खास ख्याल रखा जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### इसरो का खुलासा, 13 जुलाई दोपहर ढाई बजे उड़ान भरेगा चंद्रयान-3



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने बहुप्रतीक्षित चंद्र मिशन, चंद्रयान-3 के लॉन्च तारीख तय कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि रॉकेट 13 जुलाई को स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे लॉन्च किया जाएगा। चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित रूप से उतरने और वहां गतिविधियां करने की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान-2 के बाद अब चंद्रयान-3 भेजा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, चंद्रयान-3 को आंध्रप्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण यान मार्क-3 के जरिये लॉन्च होगा।

### प्लेन से भी महंगा मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस का किराया!



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल में पांच सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों का आभासी तौर पर उद्घाटन किया। इन ट्रेनों में मच अवेटेड मुंबई-गोवा वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल थी, जिसने अपना पहला सफर तय किया। यदि जीएसटी को छोड़कर देखें तो दोनों एंडपॉइंट के बीच का किराया चेयर कार के लिए 1,815 रुपए और एक्जीक्यूटिव चेयर कार क्लास के लिए 3,360 रुपए है। यह ट्रेन 586 किमी की दूरी तय करती है। अगर इस किराए की तुलना हवाई जहाज के किराए से की जाए तो गोवा जाने वाली इंडिगो प्लेन का किराया 2024 रुपए है।

### उत्तरप्रदेश के अमरोहा के ढोलक को मिला जीआई टैग



**नई दिल्ली।** भारत के तमाम देसी उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विशेष स्थानों से ताल्लुक रखने वाले उत्पादों को अब जीआई टैग भी दिया जाने लगा है। उत्तरप्रदेश के सात उत्पादों को एक बार फिर जीआई टैग मिला है। उत्तरप्रदेश से जिन उत्पादों को जीआई टैग मिला है उनमें अमरोहा का ढोलक, महोबा गौरा पत्थर हस्तशिल्प, मैनपुरी तारकशी, संभल हॉर्न क्राफ्ट, बागपत होम फर्निशिंग्स, बाराबंकी हैंडलूम प्रोडक्ट और कालपी हैंडपेड पेपर शामिल हैं। अमरोहा ढोलक एक संगीत वाद्ययंत्र है जो कि आम, कटहल और सागौन की लकड़ी से बनता है।

## सियासत

### अरविंद केजरीवाल की आप ने समान नागरिक संहिता का समर्थन कर कांग्रेस पर किया बड़ा वार

# विपक्षी एकता को पहला झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्षी दलों की पटना में हुई मीटिंग के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच कड़वाहट बढ़ गई है। वहीं इस बीच समान नारिक संहिता (यूसीसी) पर मोदी सरकार को आम आदमी पार्टी का समर्थन मिलता दिख रहा है। आप के संगठन महासचिव संदीप पाठक ने कहा कि पार्टी यूसीसी का सैद्धांतिक समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 44 भी यह कहता है कि यूसीसी होना चाहिए। समान नागरिक संहिता को लेकर मंगलवार को भोपाल में पीएम मोदी के दिए गए बयान के बाद इस पर सियासी बहस छिड़ी है। कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी जैसे विपक्षी दलों की लाइन से हटकर आप की ओर से यूसीसी के पक्ष में यह बयान आया है। पटना वाली मीटिंग के बाद से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों ही ओर से नेताओं के बयान को देखा जाए तो ऐसा लगता है कि केजरीवाल अब एक अलग राह पर बढ़ते दिख रहे हैं। ऐसे में क्या 2024 के लिए दूसरे विपक्षी दलों से अलग केजरीवाल का कोई नया प्लान तैयार है।



### यूसीसी को आप का समर्थन इसलिए महत्वपूर्ण

विपक्षी दलों की पटना बैठक के कुछ समय बाद ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच शब्दों के बाण चलने शुरू हो गए। दोनों ओर से इस कदर आरोप लगाए गए जिसके बाद यह काफी मुश्किल हो गया है कि दोनों साथ आएं। आप नेता की ओर से दिया गया बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मीटिंग में यह तय हुआ था कि विपक्षी दल एक साथ और एक सुर में सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे। हालांकि आम आदमी पार्टी का अलग ही स्टैंड देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि वह सभी विपक्षी दलों से अलग अपनी राह पर चलेगी।

### शिमला बैठक से पहले क्या पड़ जाएगी फूट?

कांग्रेस नेताओं की ओर से आप पर हमला बोलते हुए गुजरात चुनाव का जिक्र किया गया। कहा गया कि बीजेपी को इससे सीधा फायदा हुआ। वहीं आप की ओर से कहा गया कि जिन राज्यों में हम नहीं लड़े वहां क्यों नहीं चुनाव जीत सकी कांग्रेस। गुजरात में जब हम नहीं थे तो फिर अब तक क्यों नहीं बीजेपी को कांग्रेस हरा सकी। वहीं आप की ओर से कहा गया कि वह दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

### बीजेपी का विरोध और अपनी एक अलग राह

विपक्षी दलों के साथ केजरीवाल का जाना अब काफी मुश्किल लग रहा है। खासकर कांग्रेस के साथ। यूसीसी पर दिए गए बयान के बाद लगभग स्पष्ट है कि केजरीवाल अब एक अलग राह पर बढ़ते दिख रहे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों में चुनाव है और यहां आम आदमी पार्टी भी मैदान में होगी। सबसे मजेदार बात है कि जिन राज्यों में चुनाव है उनमें अधिकांश जगहों पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की ही सरकार है। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तीनों जगहों पर चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की यहां सभा भी हो चुकी है। आम आदमी पार्टी बड़ी मजबूती के साथ अब चुनाव लड़ने जा रही है और बीजेपी और कांग्रेस दोनों पर सीधा वार कर रही है। अरविंद केजरीवाल और पार्टी के दूसरे नेता बीजेपी के खिलाफ जमकर वार कर रहे हैं। पार्टी की यह कोशिश बताने की है कि वह बीजेपी से सीधा मुकाबला कर रही है। वहीं पार्टी के स्टैंड को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि विपक्ष के तो साथ हैं लेकिन कांग्रेस ही इसके लिए तैयार नहीं। दिल्ली अध्यादेश वाला मुद्दा तो है ही।

### आप को बीजेपी की बी-टीम बताया

मध्यप्रदेश के कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आम आदमी पार्टी को बीजेपी की बी-टीम करार दिया। पार्टी के वरिष्ठ सिंह के बेटे जयवर्धन ने कहा कि मध्यप्रदेश में आप को लोकसभा चुनाव में कोई सीट नहीं दी जाएगी, क्योंकि इस पार्टी का राज्य में कोई आधार नहीं है। दिल्ली ही नहीं दूसरे राज्यों में भी झगड़ा बढ़ गया है। ऐसे में विपक्षी दलों की शिमला में होने वाली बैठक से पहले ही फूट पड़ने की अधिक संभावना दिख रही है।



**दतिया में हादसा**

## उफनती नदी में जा गिरा ट्रक, 12 लोगों की मौत

**दतिया, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के दतिया जिले में बुधवार को भीषण हादसा हो गया। जिले के दुरसड़ा थाना क्षेत्र के बुहारा गांव के पास एक बेकाबू आयशर ट्रक एक निर्माणाधीन पुल से टकराकर उफनती नदी में जा गिरा, जिससे ट्रक में सवार 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह सभी लोग ट्रक में सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि दुरसड़ा क्षेत्र के बुहारा गांव के पास एक निर्माणाधीन पुल है। ग्वालियर के बिलहेटी गांव का एक परिवार अपनी आयशर गाड़ी से शादी समारोह में शामिल होने टीकमगढ़ जा रहा था, उनके ड्राइवर को डायवर्ट रूट की चौड़ाई समझ में नहीं आई जिसकी वजह से गाड़ी नीचे पलट गई। फंसे लोगों को बचाया गया है। परिजनों से पूछताछ जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर कलेक्टर और एसपी पहुंच गए।

### ट्रक में सवार थे 50-60 लोग

बताया जा रहा है कि ट्रक में 50-60 लोग सवार थे। इस घटना के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि के देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने अपने ट्विटर अकाउंट के जरिये दी है। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में शोक व्यक्त किया है।

### इस तरह अनियंत्रित हुआ ट्रक

बताया जा रहा है कि बुहारा गांव में यह एक रपटा पानी निकालने के लिए बनाया गया है। इसमें पांच पाइप लगे हुए हैं, जिनसे की पानी निकालता है। रपटा कच्चा है। घटना के समय रपटे पर एक फुट से अधिक पानी बह रहा था। इसी कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया।

**मप्र कैबिनेट बैठक में फैसला**

## मप्र में जिला स्तर पर तबादले अब 7 जुलाई तक हो सकेंगे

**मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के तबादले अब 7 जुलाई तक होंगे। यह अवधि अभी 30 जून निर्धारित थी। बैठक में लाड़ली बहना सेना के गठन के बारे में चर्चा की गई। यह कार्य 15 जुलाई से 15 अगस्त तक किया जाएगा। 10 जुलाई से लाड़ली बहना कार्यक्रम फिर प्रारंभ होगी, जिसमें 21 वर्ष की महिलाओं को योजना में शामिल किया जाएगा। जुलाई के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत कार्यक्रम होंगे। कृषि और घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए 24 हजार करोड़ रुपए का अनुदान देने का निर्णय लिया गया है।



### खरगोन, धार में भी खुलेंगे मेडिकल कॉलेज

कैबिनेट बैठक में फैसला लिया गया कि प्रदेश के खरगोन, धार, भिंड , बालाघाट, टीकमगढ़ और सीधी जिले में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाएंगे। प्रत्येक महाविद्यालय में 100-100 सीट एमबीबीएस की रहेंगी। इन कॉलेजों के खुलने के बाद प्रदेश में 30 मेडिकल कालेज हो जाएंगे।

**हाईवे का काम 70 फीसदी पूरा**

## 2027 से फ्लाइट की जगह कार से थाईलैंड जा सकेंगे लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नई दिल्ली।** द्वितीय विश्वयुद्ध के समय बनी भारत से चीन तक की इकलौती स्टिलवेल रोड की तर्ज पर एशिएन हाईवे का काम युद्धस्तर पर हो रहा है। मणिपुर से दाखिल होते हुए म्यांमार और फिर ये हाईवे थाईलैंड तक जाएगा। केंद्र सरकार के एक्ट ईस्ट पॉलिसी का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट अब 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि वे काम की स्थिति देखने गए थे और ताजा हालात यह है कि अब तक इस प्रोजेक्ट का 70 फीसदी तक काम पूरा हो चुका है। इस हाईवे के साल 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसके बाद भारत से थाईलैंड जाना आसान हो जाएगा। फ्लाइट की जगह लोग कार से थाईलैंड जा सकेंगे। भारत-म्यांमार और थाईलैंड राजमार्ग तीनों देश मिलकर बना रहे हैं।



### इन देशों और शहरों से गुजरेगा ये हाईवे

यह हाईवे कोलकाता से शुरू होकर कूचबिहार होते हुए बंगाल के श्रीरामपुर सीमा से असम में प्रवेश करता है। असम से होते हुए दीमापुर और नागालैंड की यात्रा के बाद मणिपुर से यह रास्ता विदेश यानी म्यांमार में प्रवेश कर जाएगा। म्यांमार में बागो और यंगून होते हुए यात्री थाईलैंड में प्रवेश कर जाएगा।

जनसुनवाई में आई वृद्धा की गुहार पर कलेक्टर ने की मदद

# लीलाबाई को कलेक्टर ने कमरे का ताला खुलवाकर दिलाया हक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में सिलावटों का वास रतलाम निवासी लीलाबाई ने गुहार लगाई कि उसका छोटे बेटा उसे अपने मकान में रहने नहीं दे रहा है। उसके कमरे पर ताला लगा दिया है। वह अब अपने बड़े बेटे के साथ अन्यत्र स्थान पर रही है, लेकिन अपने पति के मकान में रहना चाहती है, लेकिन दोनों छोटे बेटे रहने नहीं दे रहे हैं।

बुजुर्ग महिला के आवेदन पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को महिला की मदद के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार ठाकुर महिला को लेकर उसके पैतृक आवास में पहुंचे, उसके कमरे पर बेटों द्वारा लगाया गया ताला खुलवाकर वृद्धा लीलाबाई का ताला लगवाया। अब बुजुर्ग महिला लीलाबाई अपनी मर्जी से अपने कमरे, अपने घर में आ-जा सकेगी। लीलाबाई के पति का देहांत हो चुका है।

### घर के भीतर प्रवेश करवाया

कलेक्टर ने बुजुर्ग महिला की मदद करते हुए तत्काल तहसीलदार शहर ऋषभ ठाकुर को बुलवाकर उनके शासकीय वाहन से मौके पर भेजकर आवेदिका को उसके घर में प्रवेश दिलवाने के निर्देश दिए, जिसके पालन में तहसीलदार ने आवेदिका को उनके घर के भीतर प्रवेश करवाकर पानी भी पिलाया एवं मौके पर पंचनामा तैयार किया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह, पटवारी शैलेंद्र व्यास, शिखा चतुर्वेदी और पुलिस बल मौजूद था।





### 176 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश

जनसुनवाई में 176 आवेदनों पर निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुनील जायसवाल तथा राधा महंत ने भी जनसुनवाई की। विभागीय अधिकारियों में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, सिटी इंजीनियर विद्युत विनोबा तिवारी आदि उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान नामली निवासी पप्पूलाल कीर ने बताया कि नगर परिषद् नामली द्वारा उसके प्लॉट का नामांतरण नहीं किया जा रहा है। आठ माह से परिषद् के चक्कर काटने के बाद भी सुनवाई नहीं की जा रही है। उनका पीएम आवास सूची में नाम आने के बाद भी प्लॉट का नामांतरण न होने से उक्त योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृपया नामांतरण करवाया जाए। आवेदन तहसीलदार रतलाम को निराकरण को भेजा गया है। ग्राम पंचायत दन्तोडिया के निवासियों ने सामूहिक रूप से जनसुनवाई में आवेदन दिया कि ग्राम पंचायत दंतोडिया की पूर्व सरपंच द्वारा शासकीय जमीन को आंगनवाड़ी भवन बनाने के लिए छोड़ दिया गया था लेकिन पूर्व सरपंच व साथियों ने उक्त भूमि पर वर्ष 2017 में अतिक्रमण करते हुए भवन निर्माण कर लिया, जो कि आपराधिक कृत्य है। कृपया कार्रवाई की जाए।

ऑटो टेस्टिंग ट्रैक पर तेंदुए के पहुंचने से हड़कंप

# तेंदुए को सड़क किनारे लगे पिंजरे में फंसा किया रेस्क्यू

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** प्रदेश का एकलौता ऑटो टेस्टिंग ट्रैक पीथमपुर में है, जहां अब तक सिर्फ हाईस्पीड कारों और वाहनों की टेस्टिंग की जाती है, लेकिन पहली बार इस पर तेंदुए के मूवमेंट से हड़कंप मच गया है। दरअसल बीते दिनों ट्रैक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में तेंदुए का मूवमेंट कैद हुए था। इसके बाद से हड़कंप मचा हुआ था। ट्रैक से लगी वन विभाग की जमीन से निकलकर तेंदुआ ट्रैक वाले हिस्से के नजदीक घूमता दिख रहा था। इसके बाद वन विभाग को भी सूचना दी गई थी। वन विभाग ने तेंदुए के रेस्क्यू के लिए पिंजरा लगाया था, जिसमें तेंदुआ फंस गया है। अब इसे ट्रैक से शिफ्ट कर नर्मदा पट्टी के जंगल में छोड़ने की तैयारी की जा रही है।

एशिया की सबसे बड़ी इंडस्ट्रीयल नगरी पीथमपुर में भी तेंदुए का मूवमेंट नजर आया था। बीती रात एशिया के सबसे बड़े हाई स्पीड ट्रैक ऑटो टेस्टिंग पर तेंदुए का मूवमेंट देखने को मिला था। इसके बाद वन विभाग अलर्ट मोड पर आया। वहीं वन विभाग की टीम ने ऑटो टेस्टिंग एरिया में पिंजरे लगाए। तेंदुए के मूवमेंट के दौरान तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। कैद होने से पहले तेंदुए ने एक नीलगाय का शिकार भी किया था।

### लगातार सर्चिंग कर रही थी टीम

वन विभाग के अधिकारी मुकेश अहिरवार ने बताया टेस्टिंग ट्रैक में लगे कैमरे में तेंदुए का मूवमेंट नजर आने के बाद वन विभाग की टीम लगातार सर्चिंग कर रही थी। टेस्टिंग ट्रैक के हर सीसीटीवी पर लगातार नजर रखी जा रही है। वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया। जहां देर रात तेंदुआ पिंजरे में कैद कर लिया गया। पिछले दिनों में बाघ और तेंदुए के मूवमेंट के साथ ही पीथमपुर में तेंदुए की दहशत से लोग परेशान थे। ऑटो टेस्टिंग ट्रैक के पास जंगली इलाका होने से तेंदुए का लगातार मूवमेंट नजर आ रहा था। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



### रहवासी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ेंगे

मांडू वन परिक्षेत्र के रेंजर महेश अहिरवार ने ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें जंगल से दूर रहने की हिदायत दी। कहा कि जब भी अपने खेत में जाएं तो समूह में जाएं। इसके अलावा जंगली जानवर पर पत्थर या अन्य वस्तु से हमला न करें। इससे वह भयभीत होकर आक्रमण कर सकता है। आने-जाने में हो हल्ला करते हुए चलें, ताकि वह सामना नहीं करेगा। रात में खेत पर न सोने की सलाह दी। अब इसे रहवासी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ा जाएगा। वहीं अन्य बाघ जो अभी रहवासी क्षेत्र के आसपास खुले में घूम रहे हैं उसके लिए भी टीम लगातार सर्च कर रही है। उन्हें भी विभाग जल्द पकड़कर जंगल में छोड़ देगा।

# सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक शिकायतकर्ता से बात करेगा विभागीय अधिकारी

**बातचीत का प्रमाण पत्र भी देगा, समय सीमा बैठक में दिए निर्देश**

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**रतलाम।** जिले में सीएम हेल्पलाइन 181 में जिन शिकायतकर्ताओं द्वारा शिकायत की गई है उनसे संबंधित विभाग का अधिकारी बातचीत करके शिकायत का विस्तृत विवरण प्राप्त करेगा, संतुष्टिदायक निराकरण करेगा। शिकायतकर्ता से हुई बातचीत का प्रमाण पत्र भी अधिकारी कलेक्टर को उपलब्ध कराएगा।

यह निर्देश समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर द्वारा खासतौर पर जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदारों को ताकीद की गई कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतकर्ता से बातचीत करके इस बात का प्रमाण पत्र दें कि हमने शिकायतकर्ता से बात कर ली है।



### 3 लाख 90 हजार कार्ड बनाए जा रहे

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में एक विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करे कि माह की 5 तारीख तक 75 प्रतिशत, 10 तारीख तक 80 प्रतिशत तथा 15 तारीख तक 85 प्रतिशत वेटेज प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरण एवं सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन के तहत 3 लाख 90 हजार कार्ड बनाए जा रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर दिलाई नशामुक्ति की शपथ



**रतलाम।** 26 जून अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा समस्त अधिकारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ ली गई कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़ें। हम एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे।

## तीन किलो गांजा बरामद पिपली फाटे पर दो गिरफ्तार

**धार।** मनावर के ग्राम सिंघाना में पुलिस ने एक स्कूटी की जांच के दौरान 3 किलो गांजा बरामद किया है, साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। सिंघाना चौकी प्रभारी गुलाबसिंह भयड़िया के अनुसार मंगलवार शाम स्कूटी से तीन किलो गांजा जब्त किया गया। गांजे की कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है। गांजा जब्त कर खरीदी-बिक्री करने वाले दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। इंदौर के सुखलिया का रहना वाला आरोपी अंबरीश चौहान स्कूटी (क्रमांक एमपी 41 बीबी 9691) में छुपाकर गांजा ले जा रहा था। साथ ही स्कूटी पर प्रेस भी लिखवा रखा था। आरोपी अंबरीश चौहान के पास से थैली में रखा हुआ गांजा बरामद किया है। आरोपी गांजे की खेप इंदौर की तरफ ले जा रहे थे, इस बीच पुलिस ने दोनों को पिपली फाटे से गिरफ्तार कर लिया। इसमें कालू सिर्वी सहयोगी था, इस कारण कालू को भी पुलिस ने आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया है।



# झाबुआ जिले में ऑफसाइट मॉक आपदा प्रबंधन ड्रिल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**झाबुआ।** आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना, पीएनआरजीवी के अनुसार प्राकृतिक गैस पाइपलाइन दुर्घटना के मामले में आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण करने के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड झाबुआ ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला प्रशासन के सहयोग से बुधवार को एक ऑफसाइट आपातकालीन मॉक ड्रिल आयोजित की।

ऑफसाइट इमरजेंसी ड्रिल के हिस्से के रूप में डी बरिया से अनास खेड़ी गांव की 36 इंच की गैस पाइपलाइन सीएच 308.318 पर गैस रिसाव और उसके बाद आग लगने का एक नकली परिदृश्य बनाया गया। ड्रिल का प्राथमिक उद्देश्य ऐसी किसी भी आपदा के दौरान आवश्यक संसाधनों की प्रभावशीलता और पर्याप्तता का मूल्यांकन और जांच करना और गेल अन्य प्रतिक्रिया एजेंसियों की तकनीकी टीम की मुस्तैदी का परीक्षण करना और गेल झाबुआ की आपदा/आपातकालीन तैयारी प्रणालियों में सुधार करना था।



### 28 लोगों को बचाया

शशांक शावरीकर जीएम ओआईसी, गेल झाबुआ ने कहा कि ड्रिल के दौरान 28 लोगों को बचाया गया। आसपास के चिकित्सा केंद्रों में गैस रिसाव से राहगीरों और प्रभावित लोगों की निकासी का समन्वय किया गया। इसमें जिला यातायात विभाग ने अग्निशमन विभाग के कर्मियों की सेवाओं के साथ आगामी यातायात को नियंत्रित किया। कलेक्टर तन्वी हुड्डा ने कहा कि जब प्रभावित क्षेत्र को दो घंटे से अधिक की कवायद के दौरान बंद कर दिया गया था, तब गेल के कर्मियों ने गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए काम करना शुरू किया तो सभी सुरक्षात्मक गियर के साथ पाए गए। शशांक शावरीकर जीएम/ओआईसी, गेल झाबुआ अपनी गेल टीम के साथ उपस्थित थे।

**लापरवाही** | 20 जून को पेश होने की रखी कोर्ट में पेशकश, अब तो वह भी बीती

# शराब माफिया जायसवाल अब भी फरार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**धार।** प्रदेश में सरकार अवैध शराब पर अंकुश लगाने की बात कह रही है। इसके लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर हालात बिल्कुल उलटे नजर आते हैं। सागौर पुलिस में पदस्थ थाना प्रभारी और अन्य स्टॉफ छोटे-मोटे अपराधियों की धरपकड़ कर वाहवाही तो लूटते हैं, लेकिन जिले में अवैध शराब के कारोबार पर बढ़ावा देने वाले सफेदपोश शराब माफिया पर अब तक कार्रवाई नहीं कर सकी है। यही कारण है कि एक साल से फरार शराब माफिया अब तक पुलिस की आंख में धूल झोंककर शराब का कारोबार बखूबी करता आ रहा है।

### राजगढ़ में ही घूमता था अवैध शराब का आरोपी

अवैध शराब केस में फरार सिद्धार्थ जायसवाल को फरारी काटते हुए एक साल पूरा होने आया है। 12 जुलाई 2022 को सागौर पुलिस ने अवैध शराब की पिकअप पकड़ी थी, जिसमें सिद्धार्थ जायसवाल को भी अवैध शराब के मामले में आरोपी बनाया था। तब से लेकर अब तक अपने रसूख का इस्तेमाल कर आरोपी जायसवाल फरार है और अपना शराब का कारोबार चला रहा है। जून के पहले तक शराब माफिया जायसवाल राजगढ़ में ही सक्रिय था और खुला घूम रहा था। कलमकारों की सक्रियता के चलते उसे भूमिगत होना पड़ा। इसके बाद अग्रिम जमानत के प्रयास शुरू हुए तो उसमें भी शराब माफिया को सफलता नहीं मिल पाई. लेकिन शराब माफिया जायसवाल ने कोर्ट में अभिभाषक द्वारा 20 जून तक पेश होने की बात कही थी, उस पर अब तक कोई हलचल नहीं दिखी है। बताया जा रहा है कि अब भी शराब माफिया सिद्धार्थ जायसवाल फरार ही है।



### सफलता या असफलता

सागौर पुलिस ने चोरी व नकबजनी के फरार आरोपी कैलाश पिता रतन मसानिया निवासी नाग टेकरी मोती नगर सागौर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। इसे अवैध कच्ची शराब के साथ पुलिस ने पकड़ा था, लेकिन सागौर पुलिस के लिए यह सफलता काफी छोटी है। सागौर पुलिस की असल सफलता शराब माफिया सिद्धार्थ जायसवाल हो सकती है, जिसकी गिरफ्तारी से सागौर के साथ धार पुलिस की भी वाहवाही होगी।

### टीम गठित की है

सागौर थाना प्रभारी राजकुमार भदौरिया का कहना है कि आरोपी सिद्धार्थ जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। लगातार टीम गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। इसमें राजगढ़ पुलिस की भी मदद ली है। दबाव बनाकर शादी भी कैंसिल करवाई है।

एक्जीक्यूटिव श्रेणी में छह यात्री ही मिले

# वंदे भारत ट्रेन को पहले दिन ही नहीं मिले यात्री, 47 लोगों ने किया सफर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कल मप्र में दो वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी जिसमें से एक इंदौर से भोपाल अपडाउन कर रही है, लेकिन इंदौर से भोपाल के लिए चली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहले दिन ही यात्रियों को तरस गई। इसके शैड्यूल और यात्री किराए की वजह से पहले से ही कहा जा रहा था कि यह ट्रेन सुपर फ्लॉप होगी। पहले दिन का कलेक्शन कुछ इसी बात की गवाही दे रहा है। पहले दिन इस ट्रेन से इंदौर से भोपाल की यात्रा में सिर्फ 47 यात्री शामिल हुए। एक्जीक्यूटिव क्लास में तो सिर्फ छह यात्रियों ने सफर किया। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि इंदौर-भोपाल के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस कुछ ही देर ज्यादा लेती है और सिर्फ 100 रुपए में सफर कराती है। वहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में इंदौर से भोपाल का किराया 810 रुपए और भोपाल से वापसी का किराया 910 रुपए हैं।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की क्षमता 530 यात्रियों की है। इसमें 47 यात्रियों ने ही पहले दिन सफर किया। एक्जीक्यूटिव श्रेणी के कोच में 52 में से सिर्फ छह पर ही यात्री बैठे दिखे। रेलवे को उम्मीद है कि धीरे-धीरे यात्रियों की संख्या बढ़ेगी।



### खाना नहीं लेने पर लगेगा कम किराया

वंदे भारत ट्रेन में फूड का ऑप्शन भी दिया गया है। यह पूरी तरह से ऑप्शनल है। जिसे आप टिकट बुकिंग के समय सिलेक्ट कर सकते हैं। फूड सिलेक्शन में आप वेज और नॉन-वेज को सिलेक्ट कर सकते हैं। यदि आप नो फूड ऑप्शन चुनते हैं तो एसी चेयर कार के 810 रुपए के किराए में कैटरिंग चार्ज 142 रुपए और एग्जीक्यूटिव एसी चेयर कार के 1510 रुपए के किराए में कैटरिंग चार्ज में 175 रुपए कम हो जाएगा।

### ज्यादा किराया और कम स्टॉपेज

रेलवे से जुड़े जानकारों का मानना है कि ज्यादा किराया और कम स्टॉपेज के कारण इस ट्रेन में यात्रियों को बिठा पाना थोड़ा टेढ़ी खीर ही साबित होगा। दरअसल, इंदौर से भोपाल के जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह 6:35 बजे निकलती है। उसका किराया 100 रुपए हैं। वह उज्जैन के अलावा मक्सी, शुजालपुर, सीहोर व अन्य स्टेशनों पर भी स्टॉपेज लेती है। जबकि वंदे भारत ट्रेन सिर्फ उज्जैन में रुकेगी। कई यात्री सीहोर में भी उतरते हैं। यदि वंदे भारत ट्रेन के स्टॉपेज बढ़ाते हैं तो इस ट्रेन को ज्यादा यात्री मिल सकते है। इसके अलावा किराया भी कम करना होगा। किराए को लेकर रेलवे के रतलाम मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कहना है कि ट्रेन में कई अत्याधुनिक सुविधाएं है। उसके हिसाब से किराया तय किया गया है। ट्रेन में ब्रेकफास्ट और डिनर भी मिलेगा। वह भी किराये में शामिल है।

### एसी बस का किराया इससे आधा

इंदौर और भोपाल के बीच 100 से ज्यादा बसें रोज चलती हैं। इनका किराया भी लगभग आधा है। एआईसीटीएसएस की सुविधायुक्त एसी बसें साढ़े तीन घंटे में भोपाल पहुंचा देती है। वह भी 435 रुपये में। यानी इसका किराया भी वंदे भारत से कम है। यह बसें आधे-आधे घंटे के अंतर से उपलब्ध है। स्टॉपेज भी एक ही होता है, जहां नाश्ता किया जा सकता है। इसके अलावा इंदौर और भोपाल में इन बसों में बैठने के लिए कई साधन और पिकअप पॉइंट्स उपलब्ध हैं। साधारण बसों की बात करें तो हर दस मिनट में बसें चलती हैं। इतना ही नहीं, इंदौर-भोपाल के बीच चलने वाली टैक्सी भी यात्रियों के बीच खासी लोकप्रिय है।

नशाखोरी और गुंडागर्दी से परेशान रहवासियों ने मकान बिकाऊ है के लगाए पोस्टर, देर रात पुलिस अफसर पहुंचे मिलने

# गुंडों के डर से कई परिवार पलायन को हुए मजबूर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** राजेन्द्र नगर थानाक्षेत्र की टाउनशिप में कई रहवासियों ने अपने फ्लैट के बाहर मकान बिकाऊ है.. लिखे हुए पोस्टर लगा दिए हैं। रहवासियों का कहना है कि वह इलाके में बदमाशों और नशे के कारोबार को लेकर अफसरों से बात करके थक गए हैं। पेट्रोलिंग तक नहीं होती, इसी कारण घर बेचकर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है।

मामला राजेन्द्र नगर के ट्रेजर टाउन में बनी ईडब्ल्यूएस टाउनशिप का है। यहां रहने वाले करीब एक दर्जन से अधिक परिवारों ने अपने फ्लैट के बाहर मेरा मकान बिकाऊ है.. के पोस्टर लगा दिए हैं। रहवासियों के मुताबिक इलाके में बढ़ रहे अपराध और नशे को लेकर वह भयभीत हैं। उनके मुताबिक ढाई साल में यहां से 25 के लगभग परिवार घर छोड़कर जा चुके हैं। अभी यहां मोहर सिंह, माखन पटेल ,फूलचंद, प्रंशात पांडे, संदीप नामदेव, वीरेन्द्र नामदेव, प्रकाश देपालपुर, देवेन्द्र और त्रिलोक सिंह पटेल ने अपने घरों के बाहर यह पोस्टर लगाए हैं।

रहवासियों ने बताया कि यहां करीब 273 परिवार रहते हैं। जिसमें 40 प्रतिशत किराएदार हैं। इनमें से अधिकतर किराएदारों की जानकारी राजेन्द्र नगर थाने पर नहीं है। रहवासी पिछले दिनों थाना प्रभारी सतीश पटेल से मिलने पहुंचे थे। इन्हें यहां बढ़ रहे अपराधों से अवगत कराया। बावजूद कोई असर नहीं दिखाई दिया। इसके बाद डीसीपी आदित्य मिश्रा से मुलाकात की। उनके आदेश के तीन दिन बाद टीआई यहां एक बार आए और इलाके का राउंड लगाकर चले गए। इसके बाद यहां कोई भी बीट या अन्य पुलिस की गश्त नही होती।






### पुलिस नहीं देती ध्यान

रहवासियों का कहना है कि यहां थाना प्रभारी रह चुके सुनील शर्मा के कार्यकाल में समय समय पर पूरी टाउनशिप में पेट्रोलिंग होती थी। इसके बाद अन्य थाना प्रभारी आए, हमारी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। वह इस मामले में कई वरिष्ठ अफसरों से भी मिले। पुलिस की पेट्रोलिंग यहां नहीं हो रही है। लॉकडाउन के समय तत्कालीन डीसीपी महेशचंद जैन ने यहां कुछ नशाखोरी करने वालों और आवारा तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इससे कुछ समय पहले अपराध कम हो गए थे, बाद में ध्यान नहीं दिया गया है। असामाजिक तत्वों ने डेरा बना लिया है।



### नशाखोरी और बच्चियों से छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ी

रहवासियों ने बताया कि गड़बड़ी पुलिया से लगी हुई कॉलोनी होने के चलते आसपास 10 से 12 अन्य टाउनशिप है। ट्रेजर टाउन के पास बनी ईडब्ल्यूएस में दिनभर नशाखोरी करते युवा घूमते रहते हैं। इससे इलाके में चोरी और महिला व बच्चियों के साथ छेड़छाड़ की घटना हो रही है। इसके साथ ही छोटे बच्चे भी यहां नशा करते हैं।

### अपराधियों पर कार्रवाई होगी

शिकायत मिलने पर मैं खुद बीती रात 1 बजे मौके पर गया था। कुछ अपराधियों की जानकारी मिली है। कुछ पर पहले कार्रवाई कर चुके हैं जो वर्तमान में जेल में हैं। लोगों से बात कर उनकी समस्याओं को बिल्कुल सुना जाएगा। वही इलाके में किराएदारों को लेकर एक शिविर लगवा कर वेरिफिकेशन करवाया जाएगा। साथ ही जो लोग परेशान हैं उनसे मिलकर खुद समस्या सुनी जाएगी।

आदित्य मिश्रा, डीसीपी

नई उपज के बाद बढ़ेगी आपूर्ति

# टमाटर के भाव में तेजी जारी रहेगी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** 30-40 रुपए किलो में बिकने वाला टमाटर महंगा हो गया है। बुधवार को टमाटर 100 से 120 रुपये किलो बिका। सप्ताहभर से टमाटर के भाव चढ़े हुए हैं और जुलाई माह तक टमाटर लोगों को महंगे दामों में ही मिलेगा, लेकिन टमाटर तीन राज्यों में सबसे ज्यादा बिकता है, लेकिन तेज बारिश और गर्मी के कारण टमाटर का उत्पाद इस बार 50 प्रतिशत ही रहा। इस कारण अब टमाटर की डिमांड ज्यादा बढ़ गई और आवक कम है।

सलाद की प्लेट हो या सब्जियां, टमाटर की मौजूदगी स्वाद बढ़ा देती थी, लेकिन अब टमाटर खरीदना लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। इसके भाव आसमान पर है। 100 से 120 रुपए प्रति किलो टमाटर होने से आम आदमी उसे खरीदने से पहले चार बार सोच रहा है। टमाटर के भाव भी क्लाइमेंट चेंज के कारण बढ़े हैं। टमाटर का उत्पाद महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान में होता है। अप्रैल में हुई बारिश से महाराष्ट्र और कर्नाटक में टमाटर की फसल सड़ गई,जबकि राजस्थान में तेज गर्मी के कारण टमाटर का उत्पाद प्रभावित हुआ। व्यापारियों ने कहा कि देशभर में टमाटर का उत्पादन इस साल 50 प्रतिशत रहा और पूरे देश की मंडियों में टमाटर कम पहुंच रहा है। अब खेतों में टमाटर की बुआई हो गई है। जुलाई माह के अंत तक नई उपज मंडियों में आना शुरू हो जाएगी, तब तक टमाटर के भावों में तेजी बनी रहेगी।



### टमाटर 1400 से 1500 रुपये कैरेट बिका

बुधवार को इंदौर मंडी में टमाटर 1400 रुपए से 1500 रुपये कैरेट बिका। थोक में इसके भाव 80 रुपए प्रति किलो है और खेरची में 100 से 120 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। दो दिन पहले तक डेढ़ सौ रुपए प्रति किलो ग्राम टमाटर शहर में बिका था। देशभर में टमाटर के भावों में तेजी है।

# कथावाचक के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो डाले

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** प्रसिद्ध कथा वाचक के खिलाफ सोशल मीडिया पर अश्लील टिप्पणी करने के साथ ही फोटो और रील अपलोड करने का मामला सामने आया है। गांधीनगर पुलिस ने कथा वाचक कमल किशोर नागर के नाम से फर्जी प्रोफाइल आईडी संचालित कर फेसबुक स्टोरी पर अश्लील वीडियो व फोटो डालने का मामला दर्ज किया है। नागर की छवि धूमिल करने को लेकर उनके मीडिया मैनेजर सुनील चौहान निवासी श्री गोवर्धन गौशाला गोम्मटगिरी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 153ए, भादवि एवं धारा 67 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। मामले में पुलिस के साथ साइबर की टीम भी फर्जी आईडी से अश्लीलता परोसने के मामले में जांच कर रही है। इसे लेकर फेसबुक को भी लेटर लिखा गया है।

# रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियों में मिलेगा रोजगार

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा 30 जून को प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशन में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र और जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 30 जून को प्रात साढ़े 10 बजे से शाम 3 बजे तक एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज, पोलोग्राउंड जिला उद्योग केन्द्र के पास किया जा रहा है। रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- पटेल मोटर्स, एरेना सुजुकी, अर्थ फायनेन्स, जस्टडॉयल, श्याम ऑटोमोटिव, जॉना स्माल फायनेन्स, भारतीय जीवन बीमा निगम, इंस्टाकनेक्ट, जॅस्टडॉयल, चेकगेट सर्विसेस, चैनल प्ले आदि प्रतिष्ठित कम्पनी के लगभग 500 से अधिक विभिन्न पदों जैसे- सेल्स एक्जिकिटीव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, टीम लिडर, डिलेवरीबॉय, सुरक्षा गार्ड, लोडर, बीमा सलाहकार एवं पेकिंग कर्मचारी आदि के पदों हेतू आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने के लिए कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंभिक रूप से चयन करेंगे ।

मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
जाहिर सूचना
अब मात्र
₹ 500 में
स्टैण्डर्ड साइज़
1 कॉलम x 10 से.मी.
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।
मोबाईल नं.
8989897800

### स्वच्छ वार्ड को किया सम्मानित



**इंदौर।** नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के लिए आयोजित इंदौर स्वच्छ वार्ड रैंकिंग जनवरी से जून तक) के विजेताओं व चयनित स्वच्छ वार्ड के गणमान्य पार्षदों और सफाईमित्रों को महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त हर्षिका सिंह, महापौर परिषद के सदस्यग, पार्षदगण सहित अधिकारी उपस्थिति रहे।

# एक करोड़ रुपए की ठगी का केस दर्ज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** सहारा इंडिया को आपरेटिव सोसाइटी के ब्रांच मैनेजर के खिलाफ 1 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी के मामले में बाणगंगा पुलिस ने केस दर्ज किया है। टीआई राजेन्द्र सोनी के मुताबिक सहारा इंडिया को ऑपरेटिव सोसाइटी ब्रांच का ऑफिस मरीमाता के गुरूकृपा भवन पर है। जिसमें लोगों ने सहारा सुपर डेली बचत स्कीम, एफडी व आरडी में रुपए इनवेस्ट किये थे। निवेशकों को तयशुदा समय के बाद भी अमाउंट नहीं दिया गया। पहले पीड़ित पक्ष के लोगों ने तत्कालीन ब्रांच मैनेजर सत्य प्रकाश श्रीवास्वत से जाकर बात की। उन्होंने किसी तरह का स्पष्ट जबाव नहीं दिया। तब पीड़ित निवेशक वरिष्ठ अफसरों के पास पहुंचे। उन्होंने कमिश्नर सहित अन्य वरिष्ठ अफसरों को मामले में कई बार शिकायतें की थी। जिसमें बताया गया था कि ब्रांच पर ताला लगा रहता है। ब्रांच मैनेजर सत्य प्रकाश श्रीवास्वत द्वारा भी स्पष्ट जानकारी नहीं जाती है। अफसरों के निर्देश पर जांच के बाद धोखाधड़ी और मध्यप्रदेश निक्षेपकों के संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

सेवा | भगवान महावीर डायलिसिस सेंटर पर मरीजों को संतश्री ने अपने प्रवचनों से दी हिम्मत

# सेवा करने वालों के हाथ परमात्मा पकड़ लेते हैं : राष्ट्रसंत कमलमुनि

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**इंदौर।** असमय और अनियंत्रित किया गया भोजन अमृत जैसा होने के बाद भी जहर के रूप में परिवर्तित हो जाता है। स्वाद के लिए किया गया भोजन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है।

उक्त विचार भगवान महावीर डायलिसिस सेंटर पर मरीजों के बीच व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आहार सिर्फ भूख मिटाने का काम नहीं करता है बल्कि औषधि का काम भी करता है आहार अपने आप में एक औषधि है। उन्होंने कहा कि सात्विक आहार साधना के लिए सर्वोत्तम आहार है जैसा खावे अन्न, वैसा होवे मन, ईमानदारी और मेहनत से उपार्जित किया गया भोजन आत्मा को पवित्र, शरीर को निरोग, और विचारों में सात्विकता, का निर्माण करता है। शराब, मांस, तंबाकू, गुटखा आदि पैसे की बबार्दी और शरीर का सर्वनाश करती है।

आज राष्ट्रसंत कमलमुनि जी महाराज भगवान महावीर डायलिसिस सेंटर पर पधारे। उन्होंने डायलिसिस के मरीजों को कहा कि आप हिम्मत रखे यह बीमारियां तो शरीर मे आती जाती रहती है ,आप जितनी चिंता करोंगे उतना ठीक होने में ज्यादा समय लगेगा। अपनी दिनचर्या, आहार, विहार, का ध्यान रखेंगे तो आप जल्दी स्वस्थ होंगे। डायलिसिस सेंटर पर ट्रस्ट मंडल के रवि बाफना, रमेश भंडारी, डीपीन जैन, प्रकाश भटेवरा जैन ने स्वागत किया। मौके पर दिलीप राजपाल, विनोद गांधी, सुभाष जैन आदि उपस्थित थे।





मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
शोक संदेश
उठावना
पुण्यतिथि
श्रध्दांजलि
फोटो सहित फिक्स साइज 2x8
विज्ञापन मात्र 400 रुपए
मोबाइल नं. 89898 97800

# विपक्षी एकता का रास्ता लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा



लोकसभा चुनाव से पहले तमाम विपक्षी दलों ने मोदी सरकार के खिलाफ एक महागठबंधन बनाने की तैयारी कर ली है। इसे लेकर नीतीश कुमार के नेतृत्व में पहली बैठक पटना में हो चुकी है। उसमें विपक्षी एकता के एजेंडे पर चर्चा हुई। वहीं दूसरी तरफ बीजेपी नेताओं ने आरोप लगाया है कि भ्रष्टाचार में लिप्त तमाम दल अकेले पीएम मोदी खिलाफ एक साथ आ गए हैं। वहीं विपक्षी दलों की पटना बैठक में बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा, जनता दल-एस, इंनेलो, अकाली दल, मुस्लिम लीग, केरला कांग्रेस, आरएलपी, आरएसपी, अकाली दल-मान आदि दलों के नेता नहीं आए और ज्यादातर को आमंत्रित भी नहीं किया गया था। इन दलों के 68 सांसद मौजूदा संसद में हैं। ये दल न तो कांग्रेस-समर्थक हैं और न ही भाजपा-विरोधी हैं। इन दलों में ऐसे समीकरण भी नहीं हैं कि वे तीसरा मोर्चा बना सकें। अलबत्ता कुछ दल भाजपा के साथ एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं या कोई और राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं। विपक्षी एकता के नाम पर 17 दलों का ही बैनर है, जो पटना में एकजुट हुए। वे एक साथ मिले, करीब 3 घंटे विमर्श किया, विरोधाभास भी उभरे, एक साथ चलने का निष्कर्ष सामने आया। न्यूनतम साझा कार्यक्रम के कुछ बिंदुओं पर चर्चा की और साझा प्रेस ब्रीफिंग में, केजरीवाल और स्टालिन को छोड़कर शेष सभी नेताओं ने संकल्प-सा दर्शाया कि वे भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। बहरहाल इतने से ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं अर्द्धराज्य दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का एजेंडा दिल्ली सरकार विरोधी केंद्र के अध्यादेश पर ही अटका रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केजरीवाल से जानना चाहा कि आप मिलने को इतने बेताब क्यों हैं? क्या कोई शरारत करेंगे? अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल और राहुल गांधी के बीच बहस-सी छिड़ गई, तो शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने शांत कराने की कोशिश की। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुझाव दिया कि इस मुद्दे को संयुक्त बयान में शामिल कर लिया जाए और दोनों नेता लंच के दौरान अकेले में बात कर सकते हैं, लेकिन राहुल सहमत नहीं हुए। केजरीवाल की आप ने बाद में बयान देकर स्पष्ट किया कि यदि अध्यादेश पर कांग्रेस ने रुख साफ नहीं किया, तो पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री-केजरीवाल और भगवंत मान-विपक्ष की ऐसी बैठकों में शिरकत नहीं करेंगे। बहरहाल यह उदाहरण है, जो विपक्षी एकता के यथार्थ पर सवाल करता है, लेकिन इनके बावजूद आप को छोड़ कर सभी विपक्षी दल एक ही छतरी के तले लामबंद होकर 2024 का आम चुनाव लड़ने के पक्षधर हैं। अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में होगी। फिलहाल विपक्ष ने जो शुरुआत की है, वह सकारात्मक है लेकिन शैशवी कदम है। इसके निर्णायक होने का रास्ता अभी लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा है। अभी तो यह सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया जाना है कि एक सीट पर विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार कैसे उतारा जा सकता है। ममता और अखिलेश यादव कांग्रेस से ही अपेक्षा कर रहे हैं कि कांग्रेस बड़ा दिल दिखाए। इन दोनों बड़े राज्यों में अपने उम्मीदवार उतारने की जिद न करे। यह कैसे संभव है? क्षेत्रीय दलों की अपनी महत्त्वाकांक्षाएं हैं। वहीं इन विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले भी चल रहे हैं। ऐसे में ये दल एक साथ आ भी जाते हैं तो आने वाला समय इन आरोपों के चलते आसान नहीं रहने वाला है।

> 17 विपक्षी दलों की बैठक से इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता कि विपक्षी एकता निश्चित है और वे पूरी तरह लामबंद होकर भाजपा को साझा चुनौती दे सकेंगे।

# अमेरिका में हमारे काम आया लोकतंत्र



विभूति नारायण राय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा किस हद तक सफल रही और इसके फलस्वरूप दोनों देशों, खासतौर से भारत ने क्या खोया-क्या पाया, इसका दुनियाभर के मीडिया और राजनीतिक विश्लेषकों द्वारा भिन्न दृष्टिकोणों से आकलन हो रहा है। इन सबके बीच एक पाकिस्तानी यू-ट्यूबर वजाहत एस खान का वी-लॉग (वीडियो ब्लॉग) मुझे कई अर्थों में इतना उल्लेखनीय लगा कि मैं इस यात्रा का आकलन उसके द्वारा रेखांकित की गई भारतीय उपलब्धि को केंद्र में रखकर करना चाहूंगा। इस वी-लॉग पर बात करने से पहले वजाहत की पृष्ठभूमि को जान लेना उपयोगी होगा। वे एक पाकिस्तानी पत्रकार हैं, जो फ्रीलांसिंग करते हुए अमेरिका के एक थिंक टैंक के साथ जुड़े हुए हैं। वे पाकिस्तानी फौज, खासतौर से पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल राहिल शरीफ से अपनी निकटता के लिए जाने जाते थे। फिलहाल इमरान खान से सहानुभूति के चलते सेना के वर्तमान नेतृत्व से उनकी खटपट चल रही है और देश में उनके खिलाफ मुकदमे कायम हो गए हैं।

स्वाभाविक था कि वजाहत ने पाकिस्तानी हितों को ध्यान में रखकर यह वी-लॉग किया है, और उनकी चिंता के केंद्र में मोदी की यात्रा से अमेरिका में बढ़ता भारतीय प्रभाव और उसके फलस्वरूप अमेरिकी नीति-निर्धारकों के लिए पाकिस्तान का सिकुड़ता स्पेस था, पर इन सबके पीछे उन्होंने जो कारण तलाशा, वह बहुत महत्वपूर्ण है। वजाहत के अनुसार, इसके पीछे लोकतंत्र था और जिसका इस दौरे में नरेंद्र मोदी और जो बाइडन, दोनों ने भरपूर इस्तेमाल किया। यात्रा के दौरान लगभग हर मौके पर दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र का जिक्र आया, यहां तक कि जब प्रेस-कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री को एक मुस्लिम पत्रकार ने उनकी सरकार द्वारा मुसलमानों के साथ की जाने वाली ज्यादती को लेकर घेरने की कोशिश की, तो उनके बचाव में भी यही लोकतंत्र काम आया।

यात्रा के दौरान बार-बार दोहराया गया कि भारत और अमेरिका के डीएनए में ही लोकतंत्र है। डीएनए में लोकतंत्र का सबसे सरलीकृत अर्थ यह होना चाहिए कि दोनों समाज उठते-बैठते लोकतंत्र बरतते हैं। मगर क्या ऐसा है? यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि शासक जनता द्वारा चुने और बदले जाएं, मगर लोकतंत्र का मतलब सिर्फ एक निश्चित अवधि के बाद होने वाला चुनाव नहीं है। लोकतंत्र तो सत्ता की सबसे छोटी इकाई परिवार के अंदर से होते हुए सड़क से गुजरकर सत्ता के केंद्र संसद तक दिखना चाहिए। इस मामले में दोनों समाज अद्भुत विरोधाभासों से ग्रस्त नजर आते हैं। कोई शक नहीं कि ढाई सौ सालों से अधिक समय से क्रियाशील अमेरिकी लोकतंत्र सबसे पुराना है, पर यह भी सच है कि दुनियाभर में लोकतांत्रिक सरकारों को उखाड़ फेंकने और सैन्य तानाशाही को स्थापित करने में भी इसका योगदान जबर्दस्त रहा है। लगातार असुरक्षा बोध से ग्रस्त इसने हथियारों की दौड़ में दुनियाभर को मुब्तिला कर रखा है। जरूरत न होने पर भी केवल परीक्षण करने के लिए इसने आणविक हथियारों तक का इस्तेमाल किया। इंग्लिश, डच, फ्रेंच या स्पैनिश उपनिवेशवादियों की तरह भले इसने सुदूर भू-भागों में कॉलोनियां नहीं कायम कीं, मगर नव-उपनिवेशवादी नीतियों पर चलते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के जरिये अपने आर्थिक उपनिवेश कायम किए। उसके सैन्य उत्पादन कॉरपोरेशन दुनियाभर की सरकारों की आर्थिक और विदेश नीतियां संचालित करते हैं। इन सबके बावजूद अमेरिका का आंतरिक लोकतंत्र उसके सबसे मुखर विरोधी रूस या चीन जैसे देशों के लिए बड़ी ईर्ष्या का विषय हो सकता है। इस देश का सत्ता-प्रतिष्ठान वियतनाम पर कार्पेट बॉम्बिंग करता है, लेकिन जनता को यह सुविधा भी हासिल है कि वह लाखों की संख्या में सड़कों पर उतरकर अपनी सरकार की युद्ध नीतियों का विरोध करे और उसे अपनी नीतियां बदलने को विवश कर सके। यह एक दिलचस्प तथ्य है कि दुनिया में अमेरिका के धुर विरोधी दर्शन मार्क्सवाद और इस्लाम के पुरोधाओं की आमतौर से इच्छा होती है कि उन्हें या उनके परिजनों के अमेरिका में बसने के रास्ते खुल जाएं। इस तथ्य से भी कौन इनकार कर सकता है कि नोम चोमस्की भी अमेरिका में ही खुलकर काम कर सकते हैं, रूस या चीन में तो उनकी जगह जेल ही हो सकती थी। यही आंतरिक अंतर्विरोध अमेरिका की ताकत है।

> पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान बार-बार दोहराया गया कि भारत और अमेरिका के डीएनए में ही लोकतंत्र है। डीएनए में लोकतंत्र का सबसे सरलीकृत अर्थ यह होना चाहिए कि दोनों समाज उठते-बैठते लोकतंत्र बरतते हैं। मगर क्या ऐसा है?



भारतीय लोकतंत्र ने भी अंतर्विरोधों से भरा डगमगाता सफर तय किया है। इसने हमें एक अद्भुत संविधान दिया, जिसने आधुनिक अर्थों में समानता की परिकल्पना की है। पहली बार सारे भारतीय धर्म, जाति, लिंग या संपत्ति के बावजूद कानून के सामने बराबर घोषित हुए। यह भाषिक सौंदर्य के लिए कहा जरूर गया, पर यह पूरी तरह से सच नहीं हो सकता कि भारत के डीएनए में लोकतंत्र है। लोकतंत्र की पहली शर्त नागरिकों की समानता है और वर्ण-व्यवस्था से संचालित समाज में यह संभव ही नहीं था। हां, यह जरूर उल्लेखनीय है कि असमानता की गहरी जड़ों के बावजूद बिना खून-खराबे के हमने नागरिक समानता लागू करने वाला संविधान स्वीकार कर लिया और पिछले 75 वर्षों में मंथर गति से ही सही, असमानता कम करने में लगे हुए हैं।

लोकतंत्र का एक चमत्कार अल्पसंख्यकों और राज्य के रिश्तों पर भी दिखता है। आरएसएस के पूर्व प्रमुख और भाष्यकार गुरु गोलवलकर ने अपनी पुस्तक विचार नवनीत में जिन तीन शत्रुओं की शिनाख्त की थी, उनमें दो- मुसलमान और ईसाई थे। मौजूदा संघ प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान उनकी राय से मेल नहीं खाता। भागवत ने तो मस्जिदों में शिवलिंग ढूढ़कर तनाव पैदा करने की प्रवृत्ति की निंदा की है। यह सही है कि भाजपा के मौजूदा सांसदों में एक भी मुसलमान नहीं, पर यह भी सही है कि लोकतंत्र ने पार्टी को प्रेरित किया है कि वह मुसलमानों व ईसाइयों में अपनी पहुंच बनाए। यह सब लोकतंत्र की ही देन है।

लोकतंत्र सिर्फ चुनावों तक सीमित नहीं हो सकता, चुनावों के बीच भी उसे हमारे जीवन का अंग बनना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका यात्रा में कई बार बहुलता, सहिष्णुता और सबका साथ-सबका विश्वास जैसे शब्द इस्तेमाल किए। वजाहत ने अपने वी-लॉग में माना है कि ये शब्द अमेरिकी कानों को बड़े मीठे लगते हैं और इसी जगह पाकिस्तान भारत से मात खा गया। मगर हमें उनका यह कथन भी याद रखना चाहिए कि इस ग्लोबल दुनिया में हमारे हर दावे को बड़े करीब से जांचा-परखा जाता है और हमें अपने कारनामों से भी उन्हें साबित करना होगा।

(लेखक पूर्व कुलपति व साहित्यकार हैं)

## स्पोर्ट्स

### आईसीसी ने कहा-पाकिस्तान ने एग्रीमेंट किया है, पीछे नहीं हट सकते

# इंडिया में वर्ल्ड कप खेलने पर पीसीबी की आनाकानी

दुबई, एजेंसी

वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल तय होने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की आनाकानी शुरू हो गई है। उसने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान सरकार की ओर से उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट नहीं मिली है। इसलिए वर्ल्ड कप के लिए भारत जाने को लेकर उनकी स्थिति अभी साफ नहीं है। इस पर आईसीसी ने जवाब दिया है। आईसीसी ने कहा है कि पीसीबी ने एग्रीमेंट साइन किया है और उम्मीद है कि वह इस पर काबिज रहेंगे।



### आईसीसी ने पाकिस्तान की स्थिति पर क्या कहा?

आईसीसी ने एक बयान जारी किया है। इसमें उन्होंने पाकिस्तान की स्थिति को लेकर कहा कि पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए एग्रीमेंट साइन किया है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वो इस एग्रीमेंट से पलटेंगे नहीं और भारत आएंगे। वर्ल्ड कप में भाग ले रही सभी टीमें अपने देश के नियम और कानूनों से बंधी हैं और हम इसका सम्मान भी करते हैं। हालांकि, हमें पूरा भरोसा है कि पाकिस्तान वर्ल्ड कप खेलने भारत जरूर आएगा। आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जॉर्ज बार्कले हैं।

### आईसीसी और बीसीसीआई ने ठुकराई थी मांग

आईसीसी और बीसीसीआई ने अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के मैच के वेन्यू को बदलने की पीसीबी की मांग को ठुकरा दिया था। रिपोर्ट्स में यह भी बात सामने आई है कि पाकिस्तान भारत से अहमदाबाद में मैच नहीं खेलना चाहता था। ड्राफ्ट शेड्यूल जारी होने के बाद पीसीबी ने आईसीसी और बीसीसीआई से अफगानिस्तान के खिलाफ मैच बेंगलुरु में और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच चेन्नई में शिफ्ट करानी की मांग की थी। हालांकि, शेड्यूल आने के बाद यह तय हो गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान मैच चेन्नई में ही और पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया मैच बेंगलुरु में खेला जाएगा। साथ ही पाकिस्तान को भारत के खिलाफ 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में ही मैच खेलना होगा।

### टीम इंडिया के सामने डर रही पाक टीम

पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को डर है कि चेपक की स्पिन की मददगार पिच पर अफगानिस्तान फायदा उठा सकता है। वहीं, चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों की मददगार है और यहां रनों की भरमार होती है। चिन्नास्वामी में कोई भी स्कोर आसानी से चेज किया जा सकता है। इसके अलावा पाकिस्तान को अहमदाबाद में एक लाख 30 हजार दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने में भी दबाव का सामना करना पड़ सकता है। इन सभी वजहों से पीसीबी अपनी टीम को भारत भेजने में आनाकानी कर रहा है। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की सभी मांगों को ठुकरा दिया। अब पाकिस्तान ने फिर से भारत नहीं आने की गीदड़भभकी दी है, जबकि आईसीसी ने उसकी उपलब्धता को पूछकर ही शेड्यूल जारी किया है।

### एशेज टेस्ट सीरीज में हंगामा

# मैच के दौरान प्रदर्शनकारी मैदान में पहुंचे

0000, एजेंसी

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज का दूसरा मुकाबला लॉर्ड्स में बुधवार को शुरू हुआ। मैच की शुरूआत में ही हंगामा हो गया। ह्यजस्ट स्टॉप ऑयलह्व संगठन के प्रदर्शनकारियों ने मैदान में जमकर बवाल काटा। इसके बाद उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने बाहर किया। यह पूरा वाकया देखकर दुनिया भर के क्रिकेट फैंस हैरान रह गए। सोशल मीडिया पर हंगामे की तस्वीर और वीडियो को शेयर करने लगे।

मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर के साथ उस्मान ख्वाजा पारी की शुरूआत करने आए। पहला ओवर जेम्स एंडरसन ने किया। दूसरे ओवर की शुरूआत स्टुअर्ट ब्रॉड करने वाले थे, उससे पहले ही मैदान पर कुछ लोग घुस आए। इतने में हंगामा शुरू हो गया। प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों के करीब पहुंच गए। मैच को कुछ देर के लिए रोक दिया गया। जब तक सुरक्षाकर्मी पिच तक पहुंचते, प्रदर्शनकारियों ने ऑरेंज पाउडर को फैला दिया।





### बेयरस्टो ने प्रदर्शनकारी को उठा लिया

हंगामा देख इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मोर्चा संभाला। विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो ने तो एक प्रदर्शनकारी को गोद में ही उठा लिया और उसे मैदान के बाहर छोड़कर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ऑरेंज पाउडर के कारण बेयरस्टो का कपड़ा भी खराब हो गया। वह इस कारण कुछ पल के लिए मैदान से बाहर गए और जर्सी बदलकर वापस आ गए।

### एसएएफएफ फुटबॉल चैम्पियनशिप

# आखिरी मिनट गोल से ड्रॉ हुआ भारत-कुवैत का मुकाबला

बेंगलुरु, एजेंसी

भारत में साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैम्पियनशिप जारी है। बेंगलुरु के कंतीरवा स्टेडियम में भारत और कुवैत के बीच ग्रुप-एक का आखिरी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ हुआ। सुनील छेत्री ने फर्स्ट हाफ के 45वें मिनट में गोल किया, लेकिन 90वें मिनट में भारत के अनवर अली ने ही कुवैत के लिए गोल कर दिया और स्कोर लाइन 1-1 पर समाप्त हुई। आखिरी मिनट गोल के बाद कुवैत के खिलाड़ियों ने भारत की बेंच के सामने एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। इससे पहले ही मामला बढ़ता सपोर्ट स्टाफ और रेफरी ने खिलाड़ियों को शांत करा लिया। लेकिन रेफरी ने विवाद में शामिल दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को एक-एक रेड कार्ड दिखा दिखा दिया।

विवाद के कारण ही भारत के हेड कोच इगोर स्टीमाक को भी रेड कार्ड मिला। उन्हें टूर्नामेंट में भारत के पहले मैच में भी रेड कार्ड दिखाया गया था। अब वह 1 जुलाई को टीम इंडिया के सेमीफाइनल के दौरान स्टेडियम में नहीं आ सकेंगे। उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ टीम के पहले मुकाबले में भी रेड कार्ड दिखाया गया था। भारत-कुवैत मैच के साथ ही ग्रुप-ए के लीग मुकाबले खत्म हो गए है। भारत और कुवैत ने सेमीफाइनल में क्वालिफाई किया। इनका सामना ग्रुप-बी की टॉप-2 टीमों से होगा।



### एक्स्ट्रा टाइम भारत का आत्मघाती गोल

मैच के 90+3वें मिनट में भारत के खिलाडी अनवर अली ने गलती से कुवैत के लिए गोल कर दिया। कुवैत के अलब्लौशी बॉल को भारत के गोल पोस्ट की ओर ले गए। उन्होंने क्रॉस की कोशिश की, लेकिन गेंद अनवर अली से टकराकर भारत के गोल में चली गई। 90वें मिनट में हुए इस गोल के कारण स्कोर 1-1 हो गया और इसी स्कोरलाइन पर मैच खत्म हो गया।




| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 31.5 | 23.2 |
| सूर्योदय | सूर्यास्त |
| 5:35 सुबह | 7:14 शाम |

**गुना में अब तक बारिश: 198 मिमी**

## ब्रीफ न्यूज़

### तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को सौंपे गए प्रभार

**गुना।** जिले में पदस्थ 7 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को नए सिरे से प्रभार दिए हैं। कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राघौगढ़ तहसीलदार कमल सिंह मंडेलिया को कुंभराज तहसील का प्रभार दिया गया है। कुंभराज के प्रभारी तहसीलदार नरेंद्र सिंह यादव अब मृगवास वृत्त के नायब तहसीलदार होंगे। राघौगढ़ तहसील की कमार्खेड़ी वृत्त का प्रभार संभाल रहे संतोष धाकड़ को राघौगढ़ तहसील का प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है। रमाशंकर शर्मा नायब तहसीलदार वृत्त मृगवास तहसील कुंभराज को नायब तहसीलदार वृत्त कमार्खेड़ी तहसील राघौगढ़ का प्रभार मिला है। जयप्रकाश गौतम नायब तहसीलदार वृत्त म्याना को नायब तहसीलदार वृत्त रमड़ी तहसील चांचौड़ा का प्रभार सौंपा है। उनकी जगह पदस्थ रहे देवत्त गोलिया को म्याना वृत्त का नायब तहसीलदार बनाया गया है। गुना ग्रामीण की तहसील में ऊमरी वृत्त का प्रभार संभाल रहे राजेंद्र श्रीवास्तव अब आरोन तहसील के पनवाड़ीहाट वृत्त के नायब तहसीलदार का पदभार संभालेंगे।

### अधिवक्ता परिषद ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में ज्ञापन सौंपा

**गुना।** अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत गुना इकाई ने समान नागरिक संहिता लागू किए जाने के पक्ष में लॉ कमीशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन का वाचन परिषद के समिति प्रमुख शिव चरण दुबे द्वारा किया गया। परिषद के मंत्री नीलेश सक्सेना, अतुल जैन, मनीष भार्गव, अभिषेक, सोनाली मोढ़े, अनीता पंत, राकेश जाटव एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भोपाल में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकताओं से संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बारे में बूथ स्तर के कार्यकताओं को बताया। उन्होंने 8 राज्यों में बूथ कार्यकताओं से वीसी के माध्यम से सीधा संवाद किया। इस कार्यक्रम का भारतीय जनता पार्टी मंडल गुना द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को लाइव गुना में सुना गया। नगर मीडिया प्रभारी शिवम दुबे ने बताया इस अवसर पर गुना के विधायक गोपीलाल जाटव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरुण चतुर्वेदी,योगेंद्र लुंबा, राजेंद्र सलूजा, विल दास मीणा, भाजपा वरिष्ठ नेता भाजपा वरिष्ठ नेता आलोक विजयवर्गीय, सूर्य प्रकाश तिवारी, रमेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, मंडल पदाधिकारी परेश भार्गव, हरीश औरैया, धर्मेंद्र रघुवंशी, रवि राठौर, भीकम रजक, मोहित नामदेव सहित भाजपा जिला मंडल पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मृगवास में मोटर चोरी के मामले में फरार दोनों आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** मृगवास थाना क्षेत्र में सामने आई मोटर चोरी की वारदात में शामिल फरार दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी गजराज सिंह पुत्र गब्बूलाल मीना निवासी ग्राम गोपालगढ़ ने 21-22 जून को उसके कुएं से 7 हॉर्स पावर की पानी की मोटर चोरी हो गई थी। फरियादी ने गजराज भील, राजू भील एवं जसवंत भील के खिलाफ शक जाहिर किया था। 23 जून की रात में ही पुलिस ने गजराज भील निवासी भूमलाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया था।

# कपड़ा व्यापारी के यहां डकैती की योजना बना रहे पांच गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** ईसागढ़ कस्बे में एक कपड़ा व्यापारी के यहां डकैती की तैयारी कर रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है जबकि पांच आरोपी फरार हो गए हैं। पकड़े गए आरोपियों में हरियाणा, उत्तरप्रदेश और निवाड़ी के अपराधी शामिल हैं। इन पर पूर्व में भी मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पकड़ने से कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में डाली गई एक डकैती एवं ग्राम महुअन व कुलवार में हुई चोरी का भी खुलासा हुआ है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पूरे मामले का खुलासा किया गया।

पुलिस के मुताबिक 27 जून की रात्रि में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की जा रही थी इसी दौरान टीम ने घेराबंदी करके ईसागढ़ के कपड़ा व्यापारी विनोद जैन के निवास पर डकैती की योजना तैयार कर रहे पांच आरोपियों को पकड़ा। इनके पास से तीन देशी कट्टे, तलवार, रस्सी, सरिया, ग्लब्स भी बरामद किए गए हैं। घटनास्थल से फरार अन्य पांच आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें रवाना हो गई हैं। आरोपियों के पास से एक सेलेरियो गाडी क्र. एमपी 36 जेडए 0842 जप्त की गई है। आरोपी इस गाड़ी को निवाड़ी से किराये से लेकर आए थे और उन्होंने पहले से ही घटनास्थल की रेकी करके लूट व डकैती की तैयारी की थी। पकड़े गए आरोपियों में नटवर कुशवाह निवाड़ी हरियाणा का रहने वाला है उसके ऊपर नकबजनी, मारपीट सहित आठ मामले दर्ज हैं। इसी तरह निवाड़ी के ही रविन्द्र कुशवाह पर गैंगस्टर एक्ट सहित कुल दो अपराध दर्ज हैं। वहीं झांसी के टोड़ा फतेहपुर निवासी जय सिंह कुशवाह उर्फ पप्पू प्रधान और शफीक खान निवासी अंबाला रोड हरियाणा भी आरोपियों में शामिल हैं। पांचवां आरोपी टोढी फतेहपुर जिला झांसी निवासी भारत सिंह राजपूत है उस पर डकैती की योजना की तैयारी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और बलवा के चार मामले दर्ज हैं। पूछताछ में जिन पांच आरोपियों के फरार होने की जानकारी मिली है उनमें लक्ष्मी कुशवाह टोड़ा फतेहपुर, गोकुल उर्फ मोनू रैकवार टोड़ा फतेहपुर, जीतू उर्फ जितेन्द्र नापित, बाबा अहिरवार निवासी सेंधरी निवाड़ी और रोहित कुशवाह निवासी निवाड़ी हैं।





### ईको चालक के साथ मारपीट कर छीनी थी कार

**आरोपियों** ने पूछताछ में बताया है कि 27 जून की रात्रि में उन्होंने ईको कार के चालक के साथ मारपीट की थी और उससे कार छीन ली जिससे कि डकैती में इस कार का प्रयोग किया जा सके। इस मामले में कदवाया थाने में धारा 395 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसके अलावा 16 और 17 जून की रात्रि में कदवाया क्षेत्र के ही ग्राम कुलवार और महुअन में भी चोरी हुई थी, जिसमें इन आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस चोरी गए माल की बरामदगी के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### इनकी सराहनीय भूमिका

आरोपियों की धरपकड़ में एसपी अमन सिंह राठौड़, एडिशनल एसपी प्रदीप पटेल के निर्देशन में एसडीओपी चन्देरी सुजीत ङ्कषसह भदौरिया, ईसागढ़ थाना प्रभारी दीप्ति तोमर, कदवाया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अरविंद कुशवाह, उपनिरीक्षक चन्देरी मनीष सिंघल, राहुल शर्मा ईसागढ़, एएसआई अंगद सिंह दोहरे, दिनेश शर्मा, वाजिद वेग, ज्ञान सिंह वर्मा, विजय सिंह मीणा, रामगोपाल वर्मा, सुरेश योगी, सायबर सेल के संजय गुप्ता आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

**वारदात के कुछ ही घंटों बाद पकड़े गए आरोपी**

# आरोन में हत्या, कैंट में दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** जिले के आरोन और कैंट थाना क्षेत्रों में 24 घंटों के भीतर हत्या और हवाई फायर करने जैसी दो सनसनीखेज वारदात सामने आई हैं। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों ही वारदातों में शामिल आरोपियों को दबोच लिया है। गुना एसपी ने हत्या के आरोपी को पकड़ने के लिए इनाम भी घोषित कर दिया था। नतीजा यह हुआ कि पुलिस तत्परता से जुट गई और आरोपी को गिरफ्तार कर उसके अंजाम तक पहुंचा दिया गया।

जानकारी के मुताबिक आरोन थाना क्षेत्र के सेमरा घाट भादौर में एक व्यक्ति की लुहांगी से हमला कर हत्या कर दी गई। आरोन पुलिस ने बताया कि वारदात बुधवार शाम करीब 4 बजे हुई है। सेमरघाट भादौर निवी नथन सिंह पुत्र गोपाल (43) अपने खेत पर बने घर के बाहर बैठा था। तभी उसके पड़ोस खेत वाला पर्वत सिंह चिड़ार लुहांगी लेकर आ गया और नथन को सिंह गालियां देने लगा। पुलिस के मुताबिक पर्वत सिंह ने नथन सिंह से कहा था कि खेत की मेढ़ पर जार, कांटे क्यों डाले हैं? इसी बात को लेकर दोनों के बीच मुंहवाद हुआ और नथन सिंह ने पर्वत को समझाने का प्रयास किया। लेकिन आवेश में आकर पर्वत सिंह ने नथन पर लुहांगी से हमला कर दिया, जिससे वह लहुलुहान होकर वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने नथन सिंह को आरोन सिविल अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद नथन सिंह की पत्नि गीता बाई ने एफआईआर दर्ज कराई। आरोन थाना क्षेत्र में हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात की जानकारी मिलने पर गुना एसपी राकेश कुमार सगर ने पर्वत सिंह चिड़ार की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित कर दिया, ताकि उसे जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक आमोद सिंह राठौर और उनकी टीम को सफलता मिली और बुधवार को एक सूचना के आधार पर आरोपी पर्वत सिंह पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस तरह लगभग 24 घंटों के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




### क्रोध न करता तो टल सकती थी वारदात

भादौर क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि मेढ़ लेकर शुरू हुए विवाद में हत्या जैसी संगीन वारदात को रोका जा सकता था। आरोपी पर्वत सिंह क्रोध न करता तो संभवतः बातचीत से मामला सुलझ जाता। लेकिन उसने खुद ही निराकरण करने उचित समझ लिया और नथन सिंह पर लुहांगी से वार कर दिया। इस वारदात की जानकारी मिलने पर देर शाम ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आरोपी के बारे में पूछताछ की गई थी, लेकिन तब तक वह फरार हो गया था।

### बीनागंज ऑनर किलिंग मामला: 2 महिलाओं सहित 3 और गिरफ्तारियां

उधर चांचौड़ा थाना क्षेत्र के बीनागंज कस्बे में 14-15 जून की रात एक युवक की हत्या के मामले में फरार चल रही 2 महिलाओं सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह वारदात में शामिल 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपियों ने दीपक बुनकर को फोन लगाकर घर बुलाया था। बताया जा रहा है कि आरोपियों के परिवार की एक लड़की से से मृतक का प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिससे वे नाराज थे और इसी बात को लेकर हत्या को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने श्रीमोहन पुत्र रमेशचंद अहिरवार और राजेश पुत्र लटूर अहिरवार को 16 को ही गिरफ्तार कर लिया था। अब 27 जून को फरार तीनों आरोपियों रमेशचंद अहिरवार, मुन्नीबाई अहिरवार, निराली अहिरवार को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### गुलाबगंज में युवकों पर किए हवाई फायर

कैंट थाना क्षेत्र के गुलाबगंज इलाके में दहशत फैलाने की नीयत हवाई फायर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कुछ ही घंटों के बाद फायरिंग करने वाले आरोपियों को दबोच लिया है। हवाई फायर करने की सनसनीखेज वारदात मंगलवार देर शाम घटित हुई है। जानकारी सामने आई है कि गुलाबगंज में रहने वाले कुलदीप रावत और मंजीत रघुवंशी इस क्षेत्र में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए आकाश जाट, अभय जाट, संदीप जाट सहित एक अन्य युवक पहुंचे और गाली-गलौंच करने लगे। दोनों पक्षों की ओर से मुंह हुआ। इसके बाद कुलदीप और मंजीत से बहस कर रहे आरोपियों ने कट्टा निकाल लिया और दो हवाई फायर कर दिए। कैंट पुलिस ने देर शाम ही एफआईआर दर्ज कर ली थी। रिहायशी क्षेत्र में हवाई फायर के जरिए दहशत फैलाने वाले दो आरोपियों अभय जाट और संदीप जाट को लगभग 15 घंटों बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से पुलिस 315 बोर का देशी कट्टा और मोटरसाइकिल बरामद की है।



# वेदांत भवन वाली गली में जलभराव की समस्या

**जनता बेहाल : चुनाव में बहिष्कार की दी थी चेतावनी, फिर भी नहीं हुआ समाधान**



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** शहर के वार्ड क्र. 4 के अंतर्गत आने वाली वेदांत भवन वाली गली में 12 महीने पानी भरा रहता है। सबसे अधिक परेशानी बरसात के दिनों में आती है। बारिश के दिनों में गली में घुटने से भी ऊपर तक पानी भर जाता है।

ज्यादा बारिश होने पर लोगों के घरों में भी पानी भरने लगता है इस कारण लोगों को पूरे समय घरों से पानी निकालने की मशक्कत करनी पड़ती है। नगरपालिका चुनाव के समय इस गली के लोगों ने गली के बाहर चुनाव बहिष्कार का बैनर लगाया था और चेतावनी दी थी कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो वह चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बाद में जैसे-तैसे वार्डवासियों को मनाया गया। लोगों ने इस उम्मीद से मतदान किया कि चुनाव के बाद में नई परिषद इस गली में ऊंची सड़क डालकर और गहरी नाली बनाकर समस्या का निराकरण कराएगी लेकिन लंबा समय व्यतीत हो गया है। अभी तक इस गली में न तो सड़क बनी है और न ही नालियों का गहरीकरण हुआ है इस कारण बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या आने लगी है।

पिछले दो दिन से हो रही बारिश के कारण गली में पानी लबालब हो गया है लेकिन लोगों की परेशानी जानने के लिए कोई नहीं पहुंचा है इससे लोगों में नाराजगी है।

# अभियान में बताई सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं



**गुना।** भाजपा द्वारा मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत तहत मंडल मृगवास में किसान मोर्चा की जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह मीणा, पूर्व जिलामंत्री व मृगवास मंडल प्रभारी डॉ हरज्ञान सिंह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी, मंडल महामंत्री जगदीश लोधा, प्रदीप मीणा, रमाकांत बैरागी, तखत सिंह भील, पप्पू भील एवं अन्य कार्यकताओं के साथ ग्राम कड़ैयाखुर्द, पिपल्याबेह, उमरिया कला, फतेहपुर, बोरकाखेड़ा, मोतीपुरा आदि ग्रामों में महा जनसंपर्क कर लोगों की समस्या जानी एवं भारतीय जनता पार्टी पार्टी कि केंद्र की एवं मध्यप्रदेश की सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी का लाभ लोगों को मिल रहा है कि नहीं इसकी लोगों से जानकारी ली। समस्याओं का अधिकारियों से बात कर यथासंभव समाधान किया गया।

**चुनाव** | **लायंस क्लब गुना सेंचुरियन के अध्यक्ष बने विश्वनाथ सिंह**

# सेवा परंपरा बरकरार रखेगा लायंस क्लब

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**गुना।** सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लायंस क्लब गुना सेंचुरियन ने जुलाई 2023 से शुरू हो नवीन सेवा सत्र के लिए वरिष्ठ पटवारी विश्वनाथ सिंह सिकरवार को अध्यक्ष चुना है।

नवीन अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा संचालित की गई। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद विश्वनाथ सिंह रघुवंशी ने कहाकि वह क्लब की सेवाभावी परम्परा को बरकरार रखेंगे।

इस दौरान सत्र 2023-24 के लिए सचिव पद पर संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष तन्मय नियुक्त किए गए। गौरतलब है कि विश्वनाथ सिंह रघुवंशी निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं। रघुवंशी समाज के माध्यम से वह वृक्षारोपण, रक्तदान, कोरोना संक्रमण के दौरान लोगों को दवाएं, भोजन उपलब्ध कराने आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं। कार्यक्रम में चार्टर्ड प्रेसिडेंट आलोक जैन, नवनीत जैन, संजय अग्रवाल, कमलेश चतुर्वेदी, डीके जैन, वीरेंद्र सोनी, संजय गर्ग, देवेंद्र सोलंकी, दीपक अग्रवाल, अतुल गर्ग, तन्मय जैन, प्रतीक जैन आदि मौजूद रहे। अंत में सुकुमल जैन ने आभार व्यक्त किया।



# एफओबी पर रोज लग रहा जाम, लोग हो रहे परेशान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**अशोकनगर।** शहर के गांधी पार्क और पछाड़ीखेड़ा रोड को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज पर रोज जाम की स्थिति बन रही है। जाम में फंसने के बाद लोग समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा पा रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी जाम में फंसे एम्बूलैंस वाहन में सवार मरीज एवं उनके परिजनों को आती है। जाम की स्थिति के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार फुट ओवरब्रिज पर से चार पहिया वाहनों के निकलने के कारण हो रही है जबकि नियमानुसार फुट ओवरब्रिज पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है लेकिन यातायात पुलिस इस ओर ध्यान नहीं देती है इस कारण चार पहिया वाहन फुट ओवरब्रिज से धड़ल्ले से गुजर रहे हैं। दोनों ओर से चार पहिया वाहनों की आवाजाही के कारण दिन में कई बार फुट ओवरब्रिज पर जाम की स्थिति बनती है। सबसे अधिक परेशानी स्कूलों की छुट्टी के समय आती है। स्कूली वाहनों के फुट ओवरब्रिज पर फंसने के कारण जहां कम उम्र के बच्चे घबरा जाते हैं वहीं उनके परिजन समय पर बच्चों के घर न पहुंचने पर तरह-तरह की आशंकाओं से घिर जाते हैं। प्रतिबंध के बावजूद चार पहिया वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए जिम्मेदार भी ध्यान नहीं दे रहे हैं पूर्व में कई बार फुट ओवरब्रिज पर गंभीर दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं।



### जान जोखिम में डालकर चलने पर मजबूर राहगीर, पीडब्ल्यूडी और प्रशासन लापरवाह

# सारंगपुर में कीचड़ में फंस रहे वाहन, सड़क पर चल रहे लोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**सारंगपुर।** बारिश का मौसम शुरू होते ही नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे कीचड़ होने से वाहन चालकों समेत आम राहगीरों की मुसीबत भी शुरू हो गई है। कीचड़ से बचने के लिए लोग सड़क पर चलते हैं, वहीं लोगों को बचाने में वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। ऐसे में कभी बड़ा हादसा हो सकता है।

शहर के गोपालकृष्ण पेट्रोल पम्प से लेकर इंदौर नाका तक सड़क के किनारे कीचड़ से लबरेज हैं। सबसे ज्यादा साइडों की खस्ताहालत बस स्टैंड से लेकर एसडीएम चौराहा, आकोदिया रोड त्रिराहा, भावना होटल के बीच की है। वही तहसील एवं कोर्ट के सामने भी साइडें के कीचड में सटे होने से वह आने वालो लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। समाजसेवी एडवोकेट रमेशचंद्र वर्मा, मेडिकल संचालक मोहम्मद मंसूरी, नवीन जैन, अम्बाराम सहित अनेकों लोगों ने बताया कि साइडों में इतना कीचड़ हो चुका है कि इस पर चलना दूभर है।



## परेशानियों को लेकर क्या बोले स्थानीय निवासी

आम लोग शहर में इन दिनों कीचड़ युक्त सड़क की वजह से काफी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पहली बरसात की वजह से सड़क की साइडो पर कीचड़ जमा हो गया है। इसमें सुधार की आवश्यकता है।
**रमन सिंह,** आम नागरिक

शहर के मुख्य सड़क पर कीचड़ जिसकी वजह से इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। शहर सहित बाह गांव के लोग कीचड युक्त सड़क की वजह से काफी परेशान हैं। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधि को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है। **निजाम कुरैशी,** समाजसेवी

सड़क की कीचड़ युक्त साइड के बारे में बार-बार अवगत कराये जाने के बाद भी सडक को लेकर जनप्रतिनिधि कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। हमारी मांग है कि कीचड युक्त सडक की साइडो पर मुरम-बोल्डर डलवाई जाकर मरम्मत कराई जाए।
**सजन सोनी,** व्यापारी

जिस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते है और लोगों को आना-जाना होता है, उस सड़क की साइडो पर वर्षा ऋतु से पूर्व ही मुरम बोल्डर डल जाना चाहिये थी लेकिन पीडब्ल्यूडी की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से यह नहीं हुआ है और अब नतीजा यह है कि साइडे कीचड़ से सटी पड़ी है, लोग परेशान है। जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।
**अश्वेंद्र छाबड़ा,** नेता, आम आदमी पार्टी

हमारे द्वारा ठेकेदार को सड़क की साइडो को मुरम-बोल्डर से भरने के लिए पत्र लिखकर निर्देशित किया गया है कि जल्द से जल्द सुधार किया जाए।
दीपक कुमार,
एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, सारंगपुर

**फंस रहे वाहन, जान का भी है जोखिम**

सड़क की साइडों में कीचड़ है और इस मार्ग से कई लोडेड ट्रक, यात्री वाहन एवं हजारों मोटर बाइक गुजरते है कईयों को इस कीचड़ में फंसते हुए देखा जा सकाता है। जिससें वाहन चालक को मशक्कत झेलनी पड़ती है। इतना ही नहीं सड़क की साइड में कीचड़ होने से पैदल चलने वाले लोगों को साइडों की बजाय मजबूरन सड़क पर पैदल चलना पड़ता है, जिससें वाहन के चपेट में आने से जान जोखिम में बनी रहती है। वहीं दो पहिया वाहन को सबसे ज्यादा कीचडयुक्त साइडों से बना हुआ है। लोगों ने मांग की है कि पीडब्ल्यूडी या फिर स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान दे और सड़क की साइडों को दुरूस्त कर कीचड़ मुक्त किया जाए।

### तीन दिन में दूसरी बार किया प्रदर्शन, निजी कॉलेजों को लाभ पहुंचाने का आरोप

# साइंस कॉलेज की शिफ्टिंग से फूटा छात्र नेताओं का गुस्सा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** साइंस कॉलेज को भोपाल रोड से नए भवन में शहर से करीब 13 किमी दूर मेंढकीधाकड़ गांव के पास शिफ्ट करने के बाद अब विद्यार्थियों की दोहरी मुसीबत शुरू हो गई है। एक ओर जहां विद्यार्थियों पर किराए का अतिरिक्त बोझ बढ़ा है, वहीं कच्चा रास्ता होने से बारिश में कीचड़ से फजीहत हो रही है। इस समस्या के साथ ही देवास में ही साइंस संकाय शुरू करने की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने तीन दिन में दूसरी बार बुधवार को प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं ने लीड केपी कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में जमकर नारेबाजी की और कॉलेज प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ता व विद्यार्थी केपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रतनसिंह अनारे के कक्ष में पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान निजी कॉलेजों को लाभ पहुंचाने के लिए साइंस संकाय नहीं शुरू करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की गई। कॉलेज प्रशासन मुदार्बाद के नारे लगाए। मौके पर कॉलेज स्टॉफ के कई सदस्य मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल महिला फोर्स सहित तैनात रहा। बाद में कॉलेज प्रबंधन द्वारा साइंस संकाय शुरू करने की अनुमति देने संबंधी कागजी प्रक्रिया जल्द पूरी कर वरिष्ठ स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया गया।



**मंजूरी मिली तो शुरू करेंगे प्रक्रिया**

प्राचार्य डॉ. अनारे ने कहा कि चूंकि देवास में अलग से साइंस कॉलेज पहले से संचालित है इसलिए लीड कॉलेज में अलग से सांइस की स्वीकृति नहीं हो पा रही है, अब हम साइंस कॉलेज की शिफ्टिंग व विद्यार्थियों के हित में लीड कॉलेज में साइंस संकाय शुरू करने का जिक्र भी प्रस्ताव में करेंगे। यदि वहां से स्वीकृति मिलती है तो कॉलेज में साइंस संकाय शुरू करने की प्रक्रिया की जाएगी।

**5 साल तक रास्ते पर नहीं दिया ध्यान**

नए सांइस कॉलेज भवन की स्वीकृति होने व काम शुरू होने की प्रक्रिया करीब 5 साल पहले शुरू हो गई थी। शहर में जमीन नहीं मिलने के कारण भवन को १३ किमी दूर बनाना पड़ा था, उस दौरान किसी ने सक्रियता नहीं दिखाई थी। जब भवन का काम शुरू हुआ तब भी पहुंच मार्ग पक्का बनाने को लेकर ढीलपोल चलती रही, पहले भाजपा फिर कांग्रेस और फिर भाजपा की सरकार रही लेकिन सडक नहीं बन सकी। अब चुनावी साल में कई नेता साइंस कॉलेज के रास्ते के बहाने अपने राजनीतिक रास्ते की तलाश में लग गए हैं। पूरे मामले में सिर्फ एनएसयूआई ही सक्रिय है, छह माह पहले भी सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ एबी रोड पर चक्काजाम किया।

# देवास टेकरी पर हनुमान मंदिर में भक्तों के प्रवेश पर रोक

### पहाड़ धंसने के बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने दिए निर्देश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**देवास।** देवास की माता टेकरी पर स्थित हनुमान मंदिर में सुधार कार्य पूरा होने तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि इस दौरान मंदिर में पूजन जारी रहेगा। इसके अलावा टेकरी के टेकरी के पहाड़ के रखरखाव की रूपरेखा बनाकर कार्य किया जाएगा। इसके तहत रिटेनिंग वॉल, ग्राउटिंग आदि का काम किया जाएगा।

मंगलवार देर रात देवास की माता टेकरी पर हुए हादसे के बाद अलसुबह कलेक्टर ऋषव गुप्ता समेत प्रशासनिक, नगर निगम, पुलिस और पीडब्ल्यूडी अधिकारी मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। दरअसल, यहां अचानक पहाड़ की चट्टान धंस गई जो सीधे हनुमान मंदिर के पास आकर गिरी। इससे हनुमान मंदिर की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। रात का समय होने से श्रद्धालु नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी लगने के साथ देव स्थल प्रबंध समिति के प्रभारी एसडीएम प्रदीप सोनी और क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी भी मौके पर पहुंच गए।



**ये भी दिए निर्देश**

अधिकारियों के निर्देश के मुताबिक हनुमान मंदिर में संधारणकार्य पूरा होने तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि पुजारी पूजन कर सकेंगे। इसके अलावा माता टेकरी पर पहाड़ के पत्थर फिर ना गिरे इसलिये ऐसी जगह चिन्हित कर वहां मरम्मत की जाएगी। पूरी माता टेकरी पर जालियों का कार्य फिर से किया जाएगा। इसके अलावा विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा पहाड़ की स्ट्रक्चरल स्टडी कराकर अन्य समाधान निकाले जाएंगे।

**मलबा हटाने और व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश**

सांसद सोलंकी ने निरीक्षण कर तत्काल अधिकारियों को मलबा हटवाने और व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए कहा। इस विषय पर आरती भक्त मंडल के कैलाश डागा का कहना है कि हनुमान मंदिर के ऊपर पानी की टंकी के कारण पूरे साल मंदिर में पानी रिसता है। जिस कारण यह स्थिति बनी है। भविष्य में उस पानी के रिसाव से मंदिर को भी क्षति पहुंच सकती है। इस पर एसडीएम ने पानी की टंकी के रिसाव को चेक करवाया लेकिन वहां ऐसा कुछ नजर नहीं आया।

## छह किलो गांजे के साथ पांच गिरफ्तार, कार जब्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर से कार में गांजा लेकर जा रहे पांच आरोपियों को कार सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 6 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया। इसकी कीमत 63 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा कार (एमपी 40 सीए 6951) जब्त कर ली गई है।

सारंगपुर थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनीष निवासी खंदी सुठालिया, अनिल भिलाला निवासी खंदी सुठालिया, अमित शर्मा निवासी अरन्या जोड़ ब्यावरा, मधुसूदन उर्फ माधव दांगी निवासी पीपल्या बाग नरसिंहगढ़ और पवन वर्मा निवासी हाथीखाना ब्यावरा बताया। कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी सारंगपुर आशुतोष उपाध्याय, उनि मोहरसिह मडेलिया, प्रआर रामनारायण, आरक्षक नवीन राजपूत, अतुल कुमार शामिल थे।




**दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार :** इधर, लीमाचौहान पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीआई रामवीर सिंह परिहार ने बताया कि हराना गांव की पीड़िता ने बताया आरोपी राधेश्याम धाकड ने 4 महीने पहले दुष्कर्म किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना लीमाचौहान निरीक्षक रामवीर सिंह परिहार व टीम उनि अभय सिंह, उनि सुगनलाल धुर्वे, प्रआर मानसिंह खराडी, आरक्षक दिवाकर वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने किया समाजसेवी सोनी का सम्मान

**सारंगपुर।** राजगढ़ के राजबाग रिसोर्ट में मंगलवार रात उत्कृष्ट सेवा सम्मान अवार्ड का समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने राजगढ़ की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिन्होंने धार्मिक सामाजिक एवं राजनीति के क्षेत्र में अपने एवं अपने नगर का मान बढ़ाया। इन्हीं में शामिल थे राजगढ़ के छापीहेड़ा से समाजसेवी कृष्णा सोनी। उन्होंने वर्षभर में कई धार्मिक-सामाजिक कार्यो को आयोजित कर नगर में धर्म ध्वजा लहराई। समारोह में कृष्णा सोनी अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ पहुंचे थे।

## कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर बता रहे अच्छी खेती के गुर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**पड़ाना।** सोयाबीन बोवनी के पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ के वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें उन्हें अच्छी खेती के बारे में बताया जा रहा है। बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ द्वारा सोयाबीन उत्पादन तकनीकी पर बायोटेक किसानों के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कस्बे की मेडतवाल धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र में कृषि विज्ञान केंद्र राजगढ के वैज्ञानिक डॉ रूपेंद्र खांडवे, डॉ अनिल मिश्रा तथा डॉक्टर लाल सिंह ने कृषकों को नैनो यूरिया तथा बांस की खेती के बारे में जानकारी दी। डॉ. अनिल मिश्रा ने कृषकों को सोयाबीन उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी तथा डॉक्टर लाल सिंह ने उद्यानिकी फसलों एवं बगीचों के बारे में जानकारी प्रदान की।

**त्योहार** | **सारंगपुर में मुस्लिम समाज आज मनाएगा ईद-उल-अजहा**

# बारिश नहीं हुई तो ईदगाह मस्जिद में होगी विशेष नमाज

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर सहित अंचल के कस्बों एवं गांवों में मुस्लिम समाज गुरुवार को ईद उल अजहा (बकरीद) मनाएगा। शहर में शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी के द्वारा नमाज को लेकर समय सारणी एक सप्ताह पहले ही जारी कर दी गई थी, ताकि नमाजियों को समय पर नमाज के लिए पहुंचने में आसानी हो। इसके तहत बारिश नहीं हुई तो शहर की प्रमुख पाडल्या रोड स्थित ईदगाह मस्जिद पर सुबह 7:45 बजे ईद की विशेष सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। बारिश होने पर शहर की चिंहित 7 मस्जिदों में सुबह 7 से 7:15 बजे तक नमाज अदा हेगी।

सारंगपुर शाही जामा मस्जिद अंजुमन कमेटी सदर एमए अलीम बाबा कुरैशी ने बताया कि बैठक के बाद हमने सप्ताहभर पहले ही ईद मनाने की जाहिर सूचना जारी की थी। इस अवसर पर ईदगाह मस्जिद पर वर्षा नहीं होने की स्थिति में नमाज अदा की जाएगी। वर्षा होने पर 7 स्थानों की मस्जिदों पर ईद की नमाज अदा की जाएगी, यह व्यवस्था बुजुर्गों की सहूलियत के लिए की गई है। उन्होंने बताया कि बकरीद पर ईदगाह मस्जिद में सुबह 7:45 बजे नमाज अदा होगी। अंजुमन सदर कुरैशी ने कहा कि ईद के दिन सुबह वर्षा होती है तो ऐसी सूरत में शहर के हर हल्के में एक-एक मस्जिद में अलग-अलग वक्त पर नमाज अदा की जाएगी।

### दाऊदी बोहरा समाज ने मांगी अमन-चैन की दुआ

**सारंगपुर।** दाऊदी बोहरा समाज ने बुधवार को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया। सामाजिक कार्यकर्ता जाकिर सैफी ने बताया कि समाज की मस्जिद में शेख यूसुफ बद्री ने नमाज अदा कराई। हिंदुस्तान में अमन चैन की दुआ की गई। इस दौरान शेख हुसैन भाई, मुल्ला मोइज भाई, मुल्ला अब्बास भाई, शब्बीर भाई, नूर हसन भाई, जाकिर सैफी, तैय्यब अली, मुस्तान भाई, हकीम भाई, नजमी भाई, इकबाल सैफी आदि मौजूद थे।



**कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म. प्र. )**

वि.क्र/E-T/PRO./06/DWS/2023 देवास दिनांकः 16-6-23

**// द्वितीय ई-निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त ई-निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि वर्षाकाल सहित एवं लागत लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMO | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2023_UAD_ 282954-1 DATE- 19.06.2023 | Interstate bus terminal (ISBT) की भूमि पर स्थित एल.टी. एवं 11 केवीए विद्युत लाइन एवं पोल शिफ्टिंग का कर्य | 1. 03 माह 2. रु. 11.16 लाख (विदआउट जीएसटी) | 1. रु. 2000/- 2. रु. 33,480/- | 10.07.2023 |

**नोटः** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, देवास**

MB-113

घूमने-फिरने के साथ बेहतरीन जायकों का आनंद ले सकेंगे लोग

# अब इंदौर की 56 की तर्ज पर उज्जैन में बनेगी 36 दुकान




मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में लगातार चल रहे विकास कार्यों के बीच यहां एक और नया निर्माण होने जा रहा है। इंदौर की छप्पन दुकान की तर्ज पर उज्जैन में 36 दुकान बनाई जाएगी।

उज्जैन में इन दिनों नए-नए निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। महाकालेश्वर मंदिर विस्तारीकरण के कामों के साथ आने वाले दिनों में शहर में कई चीजों का निर्माण किया जाने वाला है। इसके साथ ही अब शहर को एक और सौगात मिलने जा रही है और इंदौर की छप्पन दुकान की तर्ज पर उज्जैन में 36 दुकान बनने जा रही है। यहां लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने के साथ घूम फिर सकेंगे। आने वाले 2 से 3 दिनों में इसका टेंडर जारी हो जाएगा।

### नानाखेड़ा पेट्रोल पंप के पीछे बनेंगी

जल्द ही उज्जैन के निवासियों को नानाखेड़ा क्षेत्र में 36 दुकानों पर अलग-अलग पकवानों का स्वाद चखने के लिए मिलने वाला है। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा नानाखेड़ा पेट्रोल पंप के पीछे स्थित खाली पड़ी जमीन पर इसका निर्माण किया जाएगा। विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक जिस तरह 56 दुकान का निर्माण होने के बाद आज वह इतनी प्रसिद्ध है कि न सिर्फ शहर बल्कि देश-विदेश से आने वाले लोग भी वहां घूमने जाते हैं। ठीक उसी तरह 36 दुकानों का निर्माण होगा, जहां अलग-अलग तरह के जायके मिलेंगे, जिनका लोग आनंद ले सकेंगे।

### लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी

इस जगह को उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा इस तरह तैयार किया जाएगा कि यहां नो व्हीकल जोन रहेगा और लोग आराम से पैदल अपनी पसंदीदा वस्तुओं का स्वाद चखते हुए घूम सकेंगे। इन 36 दुकानों को आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा, जो लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित करेगी।

### सबसे अच्छा नाम बताने वाले को करेंगे पुरस्कृत

इस प्रोजेक्ट का टेंडर जल्द ही होने वाला है और विकास प्राधिकरण के अधिकारी चाहते हैं कि जिस तरह 56 दुकान का नाम देश -वदेश में प्रसिद्ध है ठीक उसी तरह 36 दुकानों का कुछ ऐसा नाम होना चाहिए जो उसे बाकी जगहों से अलग और खास बनाए। इसके लिए प्राधिकरण द्वारा लोगों से सुझाव मांगे जाएंगे और जो सबसे अच्छा नाम बताएगा उसे 21000 का इनाम दिया जाएगा।

चंद घंटों में हुआ लाड़ली बहना की समस्या का समाधान, भैया शिवराज को दिया धन्यवाद

# कसरावद जनपद में बनीं सबसे अधिक 181 लाड़ली बहना सेनाएं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**खरगोन।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हर पात्र बहन को योजना का लाभ प्राप्त हो इसके लिए सीएम हाउस के फोन नंबर पर लगातार शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सीएम हाउस से लगातार इनकी मॉनिटरिंग की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी अनेकों लाड़ली बहनाओं से फोन पर बात की जा रही है।

राजधानी भोपाल से सूची प्राप्त होने तथा जिले से शिकायत मिलने पर जिला स्तर से भी लगातार समस्याएं हल करने के प्रयास जारी हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने ऑफिस पहुंचते ही औरंगपुरा वार्ड 32 की लाड़ली बहना से फोन पर बात की। इस बहना ने कलेक्टर वर्मा के सोशल अकाउंट पर भी अपनी बात रखी थी।

कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कहा कि, लाड़ली बहना योजना की राशि नहीं मिलने, आधार अपडेट, डीबीटी आदि तरह की समस्याओं के निराकरण के लिए महिला बाल विकास विभाग और वित्त विभाग को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना में जो भी समस्या आए उसका निराकरण होना चाहिए, इस कार्य की वो स्वयं निगरानी कर रहे हैं। महिला बाल विकास की कार्यक्रम अधिकारी रत्ना शर्मा ने बताया कि जिले में अभी 8139 बहनों के खातों की डीबीटी होना शेष है। हालांकि अभी कुछ दिनों में 6 हजार से अधिक की डीबीटी की जा चुकी है, लेकिन तकनीकी कारणों से बैंक में शो नहीं हो रहे हैं। इसके लिए 1114 नए खाते खुलवाए गए हैं, जबकि 2 लाख 99 हजार 164 में से 6999 की प्रोसेस फैल्ड हुई है।

### 1009 गांवों में सेना गठन के आदेश जारी

कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने फोन पर समस्या के बारे में जानकारी ली। बहना ने बताया कि उन्हें 1 हजार रुपए मिल गए हैं। इसकी खुशी भी औरंगपुरा की बहना बनि ने जाहिर करते हुए भैया मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का धन्यवाद भी किया। उधर, हाल ही में टीएल बैठक में कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने लाड़ली बहना सेना की भी समीक्षा की। जिले में अब तक 1241 गांवों में सेनाएं गठित हो गई है, साथ ही 82 गांवों में सेनाओं की पहली बैठक कर ली गई है। सबसे अधिक लाड़ली बहनाओं की सेना कसरावद जनपद में 181 सेनाएं बनी हैं। 1009 गांवों में सेना गठन के आदेश जारी कर चुके हैं।

विट्ठल नाम से गूंज उठा मंदिर, भजनों पर झूमे भक्त

## श्री विट्ठल मंदिर में काकड़ा आरती के साथ नाम सप्ताह उत्सव शुरू



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**खंडवा।** घंटाघर के समीप विट्ठल मंदिर में सात दिवसीय नाम सप्ताह उत्सव का काकड़ा आरती के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन सुबह 6 बजे से भक्तों का तांता लगा रहा। उत्सव में ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे भगवान की पूजा-अर्चना और श्रृंगार किया गया। उत्सव के सात दिन मंदिर व्यवस्थापक पं. श्याम आष्टेकर ने भगवान का नित्य नया श्रृंगार किया जाएगा।

पारंपरिक नाम सप्ताह उत्सव में सभी भजन मंडल नियमानुसार अपने यथावत समय आकर उत्सव को सफल बना रहे हैं। दोपहर 1 से 3 बजे तक शहर के अलग-अलग महिला भजन मंडल भजनों की प्रस्तुति देंगे। प्रथम दिन दोपहर 1 से 3 बजे तक श्री विट्ठल मंदिर महिला मंडल द्वारा भजन किए, जिसमें महिलाओं ने भक्ति में नृत्य किया। श्री हरि भक्त भजन मंडल ने भी भक्तों का मन मोहा। हरि भक्त भजन मंडल में पारंपरिक वारकरी मराठी भजन, फुगड़ी खेलना, मराठी नृत्य होता है। गुरुवार को मंदिर में आषाढ़ी एकादशी मनाई जाएगी, 3 जुलाई को गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। 4 जुलाई को सुबह 6.30काकड़ा आरती के जुलूस के साथ उत्सव का विराम होगा। 4 जुलाई शाम 5 बजे श्री विट्ठल भगवान का नगर भ्रमण कर पालकी यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से निकलेगी

## जल प्रदाय एवं गुरु पूर्णिमा पर जल की पर्याप्त व्यवस्था के लिए हुई बैठक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**खंडवा।** भीषण गर्मी में भी शहर में जल संकट व्याप्त नहीं हुआ और न ही बड़ी संख्या में अतिरिक्त टैंकर लगाए गए। महापौर अमृता अमर यादव, जल प्रभारी अध्यक्ष राजेश यादव, आयुक्त नीलेश दुबे और जल विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा जल कार्य में सतत निगरानी के कारण शहर में जल प्रदाय व्यवस्थित बना रहा। शहर के कुछ स्थानों को छोड़कर पूरे शहर में कहीं भी जल संकट नहीं हुआ और न ही अतिरिक्त टैंकर लगाए गए।

आगामी दिनों में भी जल प्रदाय व्यवस्थित रूप से बना रहे और गुरु पूर्णिमा पर शहर के साथ ही पूर्णिमा पर लगने वाले भंडारों में पर्याप्त जल व्यवस्था बनी रहे। इसके लिए बुधवार को जल कार्यसमिति की बैठक निगम कार्यालय में आयोजित की गई महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव एवं जल प्रभारी अध्यक्ष राजेश यादव द्वारा नगर निगम सभा गृह में जल कार्य एवं सीवरेज विभाग की सदस्य समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अमृत योजना जल संबंधी कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। खंडवा शहर की जल प्रदाय व्यवस्था की मॉनिटरिंग के संबंध में गुरु पूर्णिमा पर जल प्रदाय व्यवस्था, वर्षाकाल में व्यवस्थित साफ जल की उपलब्धता के संबंध में। शहर की कॉलोनी क्षेत्र को चिन्हित कर 24 घंटे जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित कर मॉडल के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक में महापौर अमृता यादव सांसद प्रतिनिधि अमर यादव,जल विभाग अध्यक्ष राजेश यादव, समिति सदस्य प्रकाश यादव, संतोष सारवान, सुनील जायसवाल, मीना ओमप्रकाश सिलावट, मोनिका नीतिश बजाज, स्वाति सुधीर साकल्ले, सादिक बाटिया, कार्यपालन यंत्री वर्षा घिडोड़े, राजस्व प्रभारी हरिशंकर दुबे, सहायक यंत्री संजय शुक्ला, उपयंत्री गोपाल राजपूत, प्रशांत पंचोरी,कमल रघुवंशी राजेश बकोरिया उपस्थित थे।

पालीताणा में होंगे अनेक चातुर्मास

## नवरत्न धाम में 1 को होगा बंधु त्रिपुटी का मंगल प्रवेश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**राजगढ़।** जैन समाज के सर्वाधिक महत्वपूर्ण जैन तीर्थ व लाखों श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र श्री पालीताणा महातीर्थ में इस वर्ष 9 से अधिक साधु-साध्वी और आचार्य भगवंतों के चातुर्मास होने जा रहे हैं। इस वर्ष विशेष रूप से चातुर्मास के पांच माह में से तीन माह में चातुर्मासिक आराधना होगी।

श्री जयालक्ष्मी यात्रिक भवन के नवरत्न धाम में इस वर्ष का चातुर्मास बंधु त्रिपुटी श्री आगमरत्न सागरजी, प्रषमरत्न सागरजी और वज्ररत्न सागरजी मसा का होगा। तीर्थ प्रबंधक मीतभाई भोजक ने बताया कि चातुर्मासिक आराधना के लिए नवरत्न धाम को पूरी तरह तैयार कर दिया गया है। यहां होने वाली आराधना की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए ट्रस्ट मंडल के पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक भी की। इसमें ट्रस्टियों द्वारा प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि चातुर्मासिक आराधना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साधु भगवंतों के प्रवचन की भी नियमित व्यवस्था की जाए।

## लुणिया भारतीय जैन संघटना के अध्यक्ष बने

**कसरावद।** भारतीय जैन संघटना की मीता जैन करही द्वारा जैन समाज के युवा



सचिन लुणिया को संगठन की कसरावद इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जैन ने अपनी नियुक्ति के बाद कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें प्रेमचंद कवाड़ को उपाध्यक्ष, स्वतंत्र कवाड़ को कोषाध्यक्ष, अमित कोचर को सचिव और प्रणय मांडोत को सहसचिव बनाया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अंकुश लुणिया, नितिन रायली, नीतिश लुणिया, धीरेंद्र मांडोत, निखिल लुणिया, रोहन लुणिया, अमित कवाड़ को बनाया गया। इनके मनोनयन पर नगीनचंद लुणिया, नवीन लुणिया, अशोक लुणिया, निक्कू मेहता, मनोज रायली, सुधीर सर्राफ,संजय मांडोत आदि ने बधाई दी।

हर्ष | मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति पर आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

# खरगोन में मेडिकल कॉलेज की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**खरगोन।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में खरगोन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी गई है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय पर सांसद, जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भव्य आतिशबाजी की गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का आभार व्यक्त किया गया।

खरगोन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की बहुप्रतीक्षित मांग को अंततः शिवराज मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति दी गई है। गतवर्ष दिसंबर माह में खरगोन आगमन पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उक्त आशय की घोषणा की थी। तबसे जिले की जनता इस दिशा में कार्रवाई होने की राह देख रही थी। बुधवार को मंत्रिमंडल द्वारा खरगोन सहित छह जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने की स्वीकृति दी गई। उक्त सूचना मिलते ही जिलेभर में हर्ष है।

दोपहर में भाजपा जिला कार्यालय पर खरगोन सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्याण अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह डंडीर, बाबूलाल महाजन, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार, नगर मंडल अध्यक्ष रणजीतसिंह रघुवंशी, नपा उपाध्यक्ष भोलू कर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं ने मंत्रिमंडल के निर्णय पर हर्ष जताते हुए आतिशबाजी की। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। सांसद पटेल व जिलाध्यक्ष राठौर ने खरगोन में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। पटेल ने कहा खरगोन में मेडिकल कॉलेज की वर्षों पुरानी मांग शिवराज सरकार द्वारा पूर्ण की जा रही है। इससे क्षेत्र की चिकित्सा सुविधा में बढ़ोतरी होगी व यहां से प्रतिवर्ष सैकड़ों नए डॉक्टर निकलेंगे।

शिवराज कैबिनेट द्वारा खरगोन जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने पर खरगोन मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति ने हर्ष जताया। बुधवार को समिति सदस्यों ने भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबुलाल महाजन, कल्याण अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार आदि को मिठाई खिलाकर खरगोन में मेडिकल कॉलेज स्वीकृति पर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य जगदीश भावसार ने मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए देहदान की घोषणा की। भावसार ने संकल्प लिया था कि जब भी खरगोन के लिए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत होगा वे विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मरणोपरांत देहदान की घोषणा करेंगे। भावसार की चिकित्सा शिक्षा के हित में की गई घोषणा का भाजपा नेताओं व संघर्ष समिति सदस्यों ने स्वागत किया है। इस अवसर पर संघर्ष समिति सदस्य आशुतोष पुरोहित, उमेश रेवलिया, शशिकांत शर्मा, ओम रामणेकर, श्याम कुशवाह, राकेश जायसवाल, सुनील शर्मा, तरुण सोनी, विनोद गोले, मनीष मडाहर, संजय पाराशर, अंशुल भालसे आदि उपस्थित थे।

बारिश से मप्र में बिगड़े हालात, जबलपुर-पनागर के बीच सड़क टूटी
नदी-नाले उफान पर, शहडोल जिले में फिर बिजली गिरने से हुई मौत

# नरसिंहपुर जिले में दस इंच बारिश बालाघाट में डायवर्शन पुल बहा



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**भोपाल।** प्रदेश में कई जगह मानसून ने मुसीबत बढ़ा दी है। नरसिंहपुर जिले में जहां बीते 24 घंटे में दस इंच बारिश से नदी-नाले उफार पर हैं। कई लोगों के घरों में पानी भर गया है। कई रास्ते कट गए हैं। बालाघाट-मंडला नेशनल हाईवे पर लामता में मानकुंवर नदी पर बनाया गया डायवर्शन पुल बहने से दोनों शहरों का एक-दूसरे से संपर्क टूट गया है। अगले 24 घंटों में पांच जिलों में अतिभारी बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम केंद्र के मुताबिक 24 घंटों में प्रदेश के करेली और नरसिंहपुर 10-10 इंच, मलाजखंड, देवरी, मंडला में साढ़े पांच इंच, बिरसा पांच इंच, लखनादौन, मवई, पनागर में सवा चार इंच, मोहगांव, नारायणगंज में चार इंच तक बारिश हुई है। उधर, शहडोल में तीन दिनों से हो रही तेज बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बुधवार तड़के से बारिश ने और तेजी पकड़ ली, जिससे जिले के कोयलांचल नगरी धनपुरी की सड़कें नदी में तब्दील हो गई हैं। पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों के घरों और दुकानों में पानी घुस गया।

### तीन दिन में बिजली गिरने से चौथी मौत

शहडोल में पिछले तीन दिनों के भीतर चार लोगों की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो चुकी हैं। गत दिवस हुई घटना के बाद बुधवार को भी आकाशीय बिजली गिरने से जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहतरा में एक 32 वर्षीय युवक की खेत में मौत हो गई।

### दमोह में पटरियां डूबीं, ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

दमोह जिले में तीन दिनों से लगातार झमाझम वर्षा हो रही है। जिससे जनजीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है और नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। बुधवार को सुबह से हुई वर्षा दोपहर तक जारी रही जिससे कई जगह जलभराव के हालात देखे गए। दमोह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की पटरियां पानी में डूबी दिखाई दी जिससे ट्रेनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया।

### पांच जिलों में अतिभारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक सागर, शहडोल, रीवा व जबलपुर संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर, नर्मदापुरम, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर वर्षा या गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसके मुताबिक सिवनी, छिंदवाड़ा, देवास, अलीराजपुर, सीहोर जिलों में कहीं-कहीं अति भारी बारिश की संभावना है। वहीं यलो अलर्ट के अनुसार नरसिंहपुर, बालाघाट, सागर, छतरपुर, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, उमरिया, मंदसौर, नीमच, गुना, उज्जैन, बड़वानी, झाबुआ, धार, राजगढ़, रायसेन, विदिशा जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की चेतावनी है।

## जान जोखिम में डालकर पोकलेन मशीन से पुल पार कर रहे हैं ग्रामीण



**भोपाल।** विदिशा के ग्यारसपुर इलाके में कोटरा नदी को पार करने के लिए लोग जान जोखिम में डाल रहे हैं। दरअसल, हैदरगढ़ से गैरतगंज को जोड़ने वाले पुल को पार करने के लिए ग्रामीण पोकलेन मशीन का सहारा ले रहे हैं।

यहां डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से पुल बनाया जा रहा है। इसे एक महीना पहले ही बन जाना था। ठेकेदार की लापरवाही और सिस्टम की अनदेखी से बारिश आने के बाद भी यह निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। अब बारिश के मौसम में लोगों को एक पार से दूसरे पार जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह परेशानी हैदरगढ़ और गैरतगंज के आसपास के एक दर्जन गांवों के रहवासियों को उठानी पड़ रही है। इस पुल के अलावा एक और रास्ता है लेकिन उससे पांच किलोमीटर दूरी बढ़ जाती है। साथ ही बारिश की वजह से उस कच्चे मार्ग पर वाहन भी मिट्टी में फंस जाते हैं या बंद हो जाते हैं। कच्ची सड़क होने की वजह से जैसे-तैसे लोग उससे पार जा पाते हैं। जो पुल बन रहा है, उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

### उमरिया में 20 किलोमीटर दूर मिला सोन नदी में बही बच्ची का शव

**उमरिया।** सोन नदी में बही एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची का शव अगले दिन बुधवार को घटनास्थल से 20 किलोमीटर दूर मिल गया। बच्ची मंगलवार दोपहर बकरी चराने गए थी। उन्हें बचाने में वह सोन नदी में बह गई थी। पुलिस, एसडीआरएफ की टीम और ग्रामीणों की मदद से मंगलवार शाम तक उसे तलाशा गया लेकिन अंधेरा होने के कारण रात में तलाशी अभियान बंद करना पड़ा।

खिलचीपुर में हनुमंत कथा सुना रहे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बोले

## हिंदू राष्ट्र कागजों में नहीं हिंदुस्तानियों के दिल में जागना चाहिए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर




**भोपाल।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में हनुमंत कथा सुना रहे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने हिन्दू राष्ट्र को लेकर फिर बड़ा बयान दिया है। मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि मैं हिन्दू राष्ट्र की बात करता हूं तो उसका मतलब यह नहीं है कि हिंदुओं का राष्ट्र हो, बल्कि सनातन का राष्ट्र होना चाहिए।

खिलचीपुर में भक्तों से बात करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि हिंदू राष्ट्र तो कागजों में कल ही घोषित करवा दें, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी यह है कि हिंदुओं के दिल में हिंदुत्व जागे। जब इसे लेकर मीडिया ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने सफाई दी। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र कागजों में घोषित होने की आवश्यकता नहीं है। यह हिंदुस्तानियों के दिल में जागना चाहिए। हिंदू राष्ट्र यानी हिंदुओं का राष्ट्र नहीं है, बल्कि सनातन का राष्ट्र होना चाहिए। एक ऐसा राष्ट्र जहां जातियों में भेद न हो। सभी मजहब शांति के साथ रहे। सब हिंदू मिलकर राष्ट्र के उत्थान का सोचे और उस दिशा में काम करें। भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में आगे बढ़ाएं।

### आज होगा कार्यक्रम का समापन

राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 26 जून से हनुमंत कथा सुना रहे हैं। 27 जून को उनके द्वारा दिव्य दरबार भी लगा था। बुधवार को उनकी कथा का अंतिम दिन रहा। गुरुवार को महाप्रसादी के बाद उक्त कार्यक्रम का समापन होगा।

## कूनो नेशनल पार्क में चीतों के बीच हुई लड़ाई, अफ्रीकी चीता अग्नि हुआ घायल



**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क में अन्य चीतों संग लड़ाई में अफ्रीका से यहां लाया गया एक चीता घायल हो गया है। अधिकारी ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क के खुले वन क्षेत्र में चीतों के दो ग्रुप के बीच में झड़प हो गई। इसके बाद नर चीता अग्नि घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल चीते का इलाज चल रहा है और उसकी हालत में भी सुधार हुआ है। ऐसी ही झड़प में मार्च से अब तक पैदा हुए चार शावकों में से तीन सहित छह चीतों की मौत हो चुकी है। ऐसे में केएनपी के प्रबंधन और प्रशासन पर उंगली उठ रही है।

## हत्या कर शव को लटकाने वाले चार गिरफ्तार



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

**उमरिया।** जमीनी विवाद और रंजिश के चलते ग्रामीण की हत्या करने के बाद उसके शव को पेड़ पर लटकाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल पहुंचा दिया। आरोपियों ने मृतक के कपड़े और लोहे की रॉड छिपा दी थी जिन्हें जब्त कर लिया गया।

घटना 22 जून की रात की है। फरियादी विजय सिंह ने अगले दिन पुलिस को शिकायत में बताया कि मेरा बड़ा भाई रामचंद्र सिंह गौड़ 22 जून की रात 8.30 बजे घर से निकला था लेकिन लौटा नहीं। उसकी तलाश की तो खेत में पेड़ से उसका शव लटका हुआ था। पुलिस को जांच में पता चला कि रामचंद्र का चंद्रभान सिंह के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा है। इसे लेकर चंद्रभान सिंह गौड एवं उसके लडके कृष्णा सिंह व ओंकार सिंह रंजिश रखते थे।

### शरीर पर मिले चोट के निशान

जांच के दौरान पुलिस को रामचंद्र के शरीर पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने कृष्णा सिंह, ओंकार सिंह एवं अन्य सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी कृष्णा सिंह, ओंकार सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि कुछ साल से उनकी मां की तबीयत खराब चल रही थी और बाद में मौत हो गई। इस मामले में रामचंद्र पर जादू-टोना का शक ता। तभी से उसकी हत्या की साजिश रच रहे थे। आरोपियों द्वारा हत्या कबूलने के बाद पुलिस ने ओमकार सिंह गोड, कृष्णा सिंह गोड दोनों निवासी ग्राम बकेली, सूर्यभान सिंह गोड निवासी ग्राम अमोदा जिला अनूपपुर, परशुराम गोड नि. ग्राम अमोदा जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया।

## रेप के बाद फरार हुआ, 4 माह बाद गिरफ्तार



**उमरिया।** बलात्कार के बाद फरार हुए आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। फरार पर पुलिस ने 3 हजार रुपए का इनाम भी रखा था। 7 फरवरी को घटना के बाद से वह फरार था। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम राजकुमार पिता चिम्मन लाल दहिया (28) निवासी ग्राम पिपरिया है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में निरीक्षक राघवेन्द्र तिवारी, उनि सरिता ठाकुर, आरक्षक प्रवेश कुमार, रवि कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**गरमाई सियासत** समान नागरिक संहिता को लेकर ओवैसी के बयान पर गृहमंत्री ने किया पलटवार

## यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध करने वाले ओवैसी बोल रहे अंग्रेजों और कांग्रेस की भाषा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



**भोपाल।** पीएम मोदी के बयान की आलोचना करने वाले एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने आड़े हाथों लिया है। बुधवार को मीडियाकर्मियों से चर्चा के दौरान मिश्रा ने कहा कि यूनिफार्म सिविल कोड का विरोध करने वाले असदुद्दीन ओवैसी दरअसल अंग्रेजों और कांग्रेस की भाषा बोल रहे हैं।

दरअसल, मंगलवार को भोपाल में भाजपा के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समान नागरिक संहिता पर रुख स्पष्ट करने के बाद ओवैसी ने पीएम मोदी के बयान के जवाब में हिंदू सिविल कोड का हवाला दिया था। मिश्रा ने कहा कि जिस संविधान संशोधन का हवाला ओवैसी दे रहे हैं, उसका निर्माण आदरणीय बाबा साहब आंबेडकर ने किया था। बाबा साहब हमेशा समान नागरिक संहिता के पक्षधर रहे।

### तीन तलाक के मुद्दे पर भी घेरा




नरोत्तम ने तीन तलाक के मुद्दे पर भी ओवैसी को घेरा और कहा कि इनके जैसे लोग अपने समाज की आधी आबादी यानी महिलाओं का ही पक्ष नहीं लेते। माताओं, बहनों के उत्थान का तीन तलाक निषेध संबंधी जो कानून है, ये उसका ही विरोध करते हैं। ये कामन सिविल कोड का शुरूआत से ही विरोध करते हैं। ये बहुत क्षुद्र मानसिकता है। जब कश्मीर का विषय आया था, तब भी हमारे लोगों ने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान नहीं हो सकते। हम तो शुरुआत से समान नागरिक संहिता के पक्षधर हैं।




स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा डीबी कॉर्प लिमिटेड 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्लाट नंबर - 219, स्कीम नंबर - 134, सेक्टर - बी, स्टार हाउस के पीछे (बैंक ऑफ इंडिया रेसीडेंशियल अपार्टमेंट) इंदौर (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 83570-81000, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

## ब्रीफ न्यूज़

### आठ सालों में 325 अरब डॉलर का होगा ऑनलाइन खुदरा बाजार



**नई दिल्ली।** छोटे और मझोले (टियर-तीन और टियर-दो) शहरों में ई-कॉमर्स की तेज वृद्धि से देश के ऑनलाइन खुदरा बाजार का आकार 2030 तक करीब 5 गुना बढ़कर 325 अरब डॉलर पहुंच जाएगा। 2020 में इसका आकार 70 अरब डॉलर था। डेलॉय इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, ऑनलाइन खुदरा की पहुंच असाधारण दर से बढ़ने की उम्मीद है। अगले दशक में यह ऑफलाइन खुदरा कारोबार से 2.5 गुना आगे निकल जाएगा। कुल ई-कॉमर्स ऑर्डर के मामले में टियर-दो और टियर-तीन शहरों के बाजार महानगरों (टियर-एक) से आगे निकल गए हैं। 2022 में कुल ई-कॉमर्स ऑर्डर में 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सा इन शहरों का था। मजबूत लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे और सामान वापसी सुविधा से ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है। देश में 22 करोड़ उपभोक्ता ऑनलाइन खरीदारी करते हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र में पिछले पांच साल के दौरान 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है।

### इनवेस्टर राजीव जैन ने फिर थामा गौतम अडानी का हाथ





**नई दिल्ली।** अमेरिका की कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स ने अडानी ग्रुप में करीब एक अरब डॉलर का निवेश किया है। पिछले चार महीने में राजीव जैन की अगुवाई वाली इस कंपनी ने अडानी ग्रुप के शेयरों में तीसरी बार निवेश किया है। ईटी नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक जीक्यूजी पार्टनर्स और दूसरे निवेशकों ने ब्लॉक डील के जरिए अडानी ग्रुप में अतिरिक्त हिस्सेदारी खरीदी है। अडानी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज में ब्लॉक डील के जरिए 1.8 करोड़ शेयर खरीदे गए जबकि अडानी ग्रीन में 3.52 करोड़ शेयरों की खरीदारी हुई। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 5.5 परसेंट तेजी के साथ 2405 रुपए पर ट्रेड कर रहे हैं। ब्लूमबर्ग के डेटा के मुताबिक अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 2,300 रुपए के भाव पर खरीदा गया जबकि अडानी ग्रीन के शेयर की खरीद 920 रुपए में हुई।

### इंडिगो कंपनी का मार्केट कैप एक लाख करोड़ के पार पहुंचा




**मुंबई।** इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड यानी इंडिगो का मार्केट कैपिटलाइजेशन बुधवार को 1 लाख करोड़ रुपए के आकड़े को पार कर गया है। इसके साथ इंडिगो इस अचीवमेंट को हासिल करने वाली देश की पहली एयरलाइन कंपनी बन गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर आज इंडिगो का शेयर 3.55% की तेजी के साथ 2619.85 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, इंट्राडे में स्टॉक 2634.25 रुपए के रिकार्ड हाई को भी टच किया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर 1,01,007.56 करोड़ रुपए हो गया है। डोमेस्टिक मार्केट में इंडिगो की 61% हिस्सेदारी है। वर्तमान में इंडिगो 26 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन के लिए फ्लाइट्स ऑपरेट करती है, जिससे 75 इंटरनेशनल सिटीज को सर्विस मिलती है। 300 से ज्यादा विमानों की फ्लीट के साथ एयरलाइन रोजाना 1800 से ज्यादा उड़ानों के जरिए देश के 78 शहरों को जोड़ती है।

### ईडी ने स्टील कंपनी की 517 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 898 करोड़ रुपऐ से अधिक की कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी के सिलसिले में महाराष्ट्र की एक इस्पात कंपनी की 517 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने कहा कि भूमि, भवन और मशीनरी सहित संपत्तियां एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड की हैं। इन संपत्तियों को कुर्क करने का अस्थायी आदेश जारी किया गया है और इनका कुल मूल्य 517.81 करोड़ रुपये है। यह जांच तिरुचिरापल्ली स्थित बॉयलर विनिर्माण कंपनी सेथार लिमिटेड के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है, जिसने मदुरै में इंडियन बैंक की एसएएम शाखा के नेतृत्व में उधारदाताओं के एक संघ से 895.45 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाया था।

---

### वर्तमान में भारत में 83 यूनिकॉर्न, 51 गजेल और 96 चीता स्टार्टअप

# अगले पांच वर्षों में देश में 147 नए यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हुरुन रिसर्च के अनुसार बढ़ती ब्याज दरों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का उत्साह कम होने के बावजूद भारत में 147 स्टार्टअप ऐसे हैं जो अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। 27 जून को जारी किए गए एएसके प्राइवेट वेल्थ हुरुन इंडिया फ्यूचर यूनिकॉर्न इंडेक्स 2023 के अनुसार वर्तमान में भारत में 83 यूनिकॉर्न, 51 गजेल और 96 चीता स्टार्टअप हैं। हालांकि, यह पिछले साल की तुलना में इसमें मामूली गिरावट आई है, पिछले साल देश में 84 यूनिकॉर्न, 51 गजेल और 71 चीता स्टार्टअप थे।




#### मूल्यांकन वाले स्टार्टअप्स कहलाते हैं यूनिकॉर्न

हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट ने साल 2000 के बाद स्थापित 1 बिलियन डॉलर से अधिक के मूल्यांकन वाले स्टार्टअप्स को यूनिकॉर्न के रूप में परिभाषित किया है। वहीं गजेल्स को ऐसे स्टार्टअप के रूप में परिभाषित किया गया है जिनके अगले तीन वर्षों में यूनिकॉर्न बनने की सबसे अधिक संभावना है। ऐसे स्टार्टअप्स को चीता कहा कहा गया है जो अगले पांच वर्षों में यूनिकॉर्न बन सकते हैं। यह मूल्यांकन नियामक फाइलिंग, उद्यमियों और कुछ भारत-केंद्रित उद्यम पूंजी फंडों और एंजेल निवेशकों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर किया गया है।

#### देश के 25 शहरों से पांच वर्षों में 147 स्टार्टअप्स

हुरुन रिसर्च के अनुसार देश के 25 शहरों से आने वाले पांच वर्षों में 147 स्टार्टअप्स यूनिकॉर्न बन सकते है। ये ऐसे स्टार्टअप्स हैं जिनकी स्थापना औसतन 2015 में स्थापित किए गए थे। इनमें से ज्यादा स्टार्टअप्स सॉफ्टवेयर और सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। इन स्टार्टअप्स में से केवल 20 प्रतिशत भौतिक उत्पादों की बिक्री करते हैं; 37 प्रतिशत बी2बी कारोबार से जुड़े हैं यानी ये व्यावसायों को अपनी सेवाएं या उत्पाद बेचते हैं। इन स्टार्टअप्स में 63 प्रतिशत सीधे उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे स्टार्टअप्स जो आने वाले पांच वर्षों में फ्यूचर यूनिकॉर्न बन सकते हैं वे वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य देखभाल, व्यवसाय प्रबंधन समाधान और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अपना दखल रखते हैं।

#### स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना हुआ मुश्किल

रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती कुछ कंपनियों के लिए कठिन रही है और पिछले साल के करीब 20 प्रतिशत गजेल और चीता या तो सूची से बाहर हो गए हैं या उनकी रेटिंग घटा दी गई है। हुरुन रिसर्च का मानना है कि ये कंपनियां अब तीन साल के भीतर यूनिकॉर्न नहीं बन सकती हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता का कहना है कि बढ़ती ब्याज दरों और भू-राजनीतिक बाधाओं ने स्टार्टअप के लिए पूंजी जुटाना मुश्किल बना दिया है।

---

### अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा-

# कंपनियों की मुनाफाखोरी महंगाई का मुख्य कारण




**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी मान लिया है कि यूरोप में पिछले दो साल से जारी महंगाई का मुख्य कारण कंपनियों की मुनाफाखोरी है। इसके पहले कई अर्थशास्त्रियों ने भी अपने अध्ययन के आधार पर यह बात कही थी। उन अर्थशास्त्रियों में इसाबेला बेवर प्रमुख हैं। उनके अलावा भारत में महंगाई के संदर्भ में यही बात अर्थशास्त्री विरल आचार्य ने कही थी।

अब आईएमएफ की तरफ से अर्थशास्त्रियों नील-जैकब हानसेन, फ्रेडरिक टोस्कानी और जिंग झाऊ ने कहा है कि पिछले दो साल के दौरान कंपनियों ने लागत मूल्य में वृद्धि की तुलना में उत्पाद के मूल्य में अधिक वृद्धि की और यही यूरोप में महंगाई का प्रमुख कारण है। इस दौरान आम चर्चा रही है कि ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण कंपनियों को उत्पादों के दाम बढ़ाने पड़े। लेकिन आईएमएफ की वेबसाइट पर प्रकाशित ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादों के दाम जितने बढ़े, ऊर्जा की कीमत उतनी नहीं बढ़ी थी।

आईएमएफ ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर 2025 तक यूरोपियन सेंट्रल बैंक (ईसीबी) की तरफ से मुद्रास्फीति के तय लक्ष्य को हासिल करना है, तो कंपनियों को अपना मुनाफा घटाना होगा। ईसीबी ने मुद्रास्फीति दर को दो फीसदी तक लाने का लक्ष्य घोषित किया हुआ है। आईएमएफ ने कहा है कि कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए वस्तुओं और सेवाओं के दाम बढ़ाए, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी और अब श्रमिक वर्ग के लोग उस महंगाई के बीच अपना जीवन-स्तर बरककार रखने के लिए तनख्वाह बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इससे मुद्रास्फीति का एक दुश्चक्र बन गया है।

#### 45 फीसदी मुनाफे के कारण महंगाई तेज

अपनी रिपोर्ट में अर्थशास्त्रियों ने महंगाई बढ़ाने वाले विभिन्न पहुलओं की एक सारणी शामिल की है। इन पहलुओं में कंपनियों का मुनाफा, श्रम लागत, आयात लागत, टैक्स आदि शामिल हैं। इनके बीच देखा गया है कि महंगाई बढ़ाने में सबसे ज्यादा 45 फीसदी योगदान मुनाफे का रहा है। आईएमएफ के अर्थशास्त्री इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध से पैदा हुई परिस्थितियों से जहां श्रमिक वर्ग की वास्तविक आय गिरी, वहीं कारोबारी तबके ने अपने हितों की रक्षा कर ली। आज वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में कंपनियों के मुनाफे का हिस्सा कोरोना महामारी से पहले की तुलना में एक फीसदी ज्यादा है। दूसरी तरफ श्रमिकों की वास्तविक आय महामारी से पहले की तुलना में दो फीसदी कम है।रिपोर्ट में बताया गया है कि 2022 में श्रमिकों की वास्तविक आय में पांच फीसदी की गिरावट आई। इसलिए वे अब अधिक वेतन की मांग कर रहे हैं। अगर कंपनियों ने अपना मुनाफा नहीं घटाया, तो श्रमिकों की मांग पूरी करने पर मुद्रास्फीति और बढ़ेगी।

#### महंगाई पर काबू पाने की कोशिश जारी

आईएमएफ के अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि अक्टूबर 2022 में यूरो जोन में मुद्रास्फीति की दर 10.6 फीसदी तक पहुंच गई थी। इस वर्ष मई में यह दर गिर कर 6.1 फीसदी पर आ गई। लेकिन यह भी ईसीबी के लक्ष्य से बहुत ऊपर है। इस बीच महंगाई पर काबू पाने के लिए विभिन्न देशों के सेंट्रल बैंकों ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। उसका खराब असर विभिन्न देशों की आर्थिक वृद्धि पर हुआ है। जर्मनी सहित कई देश मंदी के शिकार हो गए हैं।

---

### मोदी कैबिनेट का तोहफा

# गन्ने का समर्थन मूल्य 315 रुपए प्रति क्विंटल किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के गन्ना किसानों के लिए तोहफे का एलान किया है। कैबिनेट ने गन्ने की एफआरपी बढ़ाने का फैसला किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने चीनी सीजन 2023-24 के लिए गन्ना किसानों के लिए 315 रुपए प्रति क्विंटल के अब तक के उच्चतम उचित और लाभकारी मूल्य को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि गन्ना सत्र अक्टूबर से शुरू होता है। गन्ने का न्यूनतम मूल्य 2014-15 में 210 रुपए प्रति क्विंटल था। मंत्रिमंडल ने वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिये नई योजना



पीएम-प्रणाम को मंजूरी दी। योजना के तहत केंद्र राज्यों को प्रोत्साहित करेगा कि वे वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दें और रासायनिक उर्वरकों को कम करेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि यदि कोई राज्य 10 लाख टन पारंपरिक उर्वरक का उपयोग कर रहा है और यदि वह अपनी खपत 3 लाख टन कम कर देता है तो सब्सिडी की बचत 3,000 करोड़ रुपए होगी। सब्सिडी बचत में से केंद्र वैकल्पिक उर्वरक के उपयोग और अन्य विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए राज्य को 50 प्रतिशत यानी 1,500 करोड़ रुपए देगा।

### स्वीडन सूची में सबसे ऊपर

# एनर्जी ट्रांजिशन इंडेक्स में भारत 67वें नंबर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने बुधवार को भारत को अपने एनर्जी ट्रांजिशन सूचकांक में वैश्विक स्तर पर 67 वें स्थान पर रखा है और कहा कि यह एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है जहां सभी आयामों में एनर्जी ट्रांजिशन की गति तेज हो रही है।

स्वीडन सूची में सबसे ऊपर है और इसके बाद डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड और स्विट्जरलैंड 120 देशों की सूची में शीर्ष पांच में हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक अस्थिरता के बीच ग्लोबल एनर्जी ट्रांजिशन स्थिर हुआ है, लेकिन भारत उन देशों में शामिल हैं जिन्होंने महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा



कि भारत एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसमें पावर ट्रांजिशन सूचकांक के न्यायसंगत, सुरक्षित और सतत आयामों में ऊर्जा संक्रमण की गति तेज हो रही है। डब्ल्यूईएफ ने कहा, ह्यउदाहरण के लिए, निरंतर आर्थिक विकास के बावजूद, भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा तीव्रता और अपने ऊर्जा मिश्रण की कार्बन तीव्रता को सफलतापूर्वक कम कर दिया है, जबकि सार्वभौमिक ऊर्जा पहुंच प्राप्त की है और बिजली की सामर्थ्य का प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है।

---

**सुविधा** | काम करने की अनुमति देने के लिए ओपन वर्क-परमिट स्ट्रीम बनाएंगे

# अमेरिकी एच-1बी वीजा धारक कनाडा में कर सकेंगे काम

**ओटेवा, एजेंसी**

कनाडा के आव्रजन मंत्री सीन फ्रेजर ने घोषणा की कि सरकार 10,000 अमेरिकी एच-1बी वीजा धारकों को देश में आकर काम करने की अनुमति देने के लिए ओपन वर्क-परमिट स्ट्रीम बनाएगी। यह एक नया वर्क परमिट होगा, जो अमेरिका के एच-1बी वीजा धारकों के लिए कनाडा सरकार उपलब्ध कराएगी।

कनाडा के अप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति जारी की है। इसमें कहा गया है कि कार्यक्रम एच-




1बी वीजा धारकों के परिवार सदस्यों के लिए अध्ययन या वर्क परमिट भी प्रदान करेगा। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि हाई-टेक क्षेत्रों में हजारों कर्मचारी उन कंपनियों में कार्यरत हैं, जिनका कनाडा और अमेरिका दोनों में बड़ा परिचालन है। ऐसे में, अमेरिका में काम करने वालों के पास अक्सर एच-1बी विशेष व्यवसाय वीजा होता है। इसलिए फैसला लिया गया है कि इस साल 16 जुलाई तक, अमेरिका में एच-1बी विशेष व्यवसाय वीजा धारक और उनके साथ आने वाले परिवार के सदस्य कनाडा आने के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। नए आदेश के तहत स्वीकृत आवेदकों को तीन साल तक की अवधि का ओपन वर्क परमिट मिलेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका से आने वाले एच-1बी विशेष व्यवसाय वीजा धारक कनाडा में कहीं भी काम करने में सक्षम होंगे। उनके परिवार के सदस्य (पति, पत्नी या कोई अन्य, जो उन पर आश्रित है) भी आवश्यकतानुसार कार्य या अध्ययन परमिट के साथ अस्थायी निवासी वीजा के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

#### एक आव्रजन स्ट्रीम भी सरकार करेगी पेश

कनाडाई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फ्रेजर ने कहा कि इस साल के अंत तक, संघीय सरकार दुनिया के कुछ सबसे प्रतिभाशाली लोगों के लिए एक आव्रजन स्ट्रीम भी पेश करेगी, जो तकनीकी कंपनियों के लिए काम करने के लिए कनाडा आ सकेंगे। चाहे नौकरी हो या न हो। हालांकि, आप्रवासन मंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन पात्र होगा या कितने लोगों को स्ट्रीम में प्रवेश दिया जाएगा।

#### क्या है एच-1बी वीजा?

बता दें, एच-1बी वीजा विदेशी नागरिकों को प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित कुछ विशेष व्यवसायों में अस्थायी रूप से अमेरिका में काम करने की अनुमति देता है। महामारी के दौरान, टेक कंपनियों ने पहले बड़ी संख्या में भर्तियां कीं, लेकिन बाद में छंटनी करना शुरू कर दिया। इससे बहुत से एच-1बी वीजा धारक नई नौकरियां ढूंढने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

मृदुभाषी

इंदौर, गुरुवार, 29 जून 2023



## असिन ने तलाक की खबरों पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं-

# मीडिया में चल रहीं खबरें केवल अफवाह



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी- मानी एक्ट्रेस असिन थोट्टूमकल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल रिपोर्ट्स की मानें तो असिन और उनके पति राहुल शर्मा के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। असिन और राहुल ने साल 2016 में शादी रचाई थी। शादी के एक साल बाद ही एक्ट्रेस ने बेटे अरिन को जन्म दिया। हालांकि दावा किया जा रहा है कि अब दोनों के रिश्ते में खटास आ गई है, जिसके बाद असिन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पति संग शादी की सारी फोटोज डिलीट कर दी हैं, लेकिन मीडिया में चल रही इन खबरों पर अब खुद असिन ने रिएक्ट किया है।

दरअसल असिन थोट्टूमकल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक स्टेटमेंट जारी करते हुए बताया है कि वह अपने पति से कोई तलाक नहीं ले रही हैं और मीडिया में चल रहीं ये खबरें केवल अफवाह हैं। असिन ने अपने स्टेटमेंट में लिखा, हमारी गर्मियों के वेकेशन के बीच हम एक साथ बैठकर ब्रेकफास्ट कर रहे थे। इस दौरान हमें एक बहुत ही कल्पनाशील और बेसलेस खबर के बारे में पता चला। इन बातों ने मुझे वह समय याद दिलवा दिया जब हम अपने घर में परिवार के साथ बैठकर शादी की तैयारियां कर रहे थे और हमें खबर मिली की हमने ब्रेकअप कर लिया है। कृप्या कुछ अच्छा करो।

### बहुत गंदा फील कर रही हूं

केवल इतना ही नहीं असिन ने आगे लिखा कि अपने इस खूबसूरत हॉलिडे के 5 मिनट बर्बाद करने पर बहुत गंदा फील कर रही हूं। असिन की इस पोस्ट पर लोग जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बता दें कि असिन और माइक्रोमैक्स के फाउंडर राहुल शर्मा की पहली मुलाकात साल 2012 में हुई थी, जब एक्ट्रेस 'हाउसफुल 2' की शूटिंग के लिए ढाका जा रही थीं। इस दौरान एक्टर अक्षय कुमार ने असिन और राहुल की दोस्ती करवाई। केवल इतना ही नहीं अक्षय ने ही राहुल और असिन को डेट करने की सलाह दी थी। इसके बाद कई सालों तक असिन और राहुल ने एक-दूसरे को डेट किया, फिर साल 2017 में दोनों ने शादी रचाई।

## सेंसर बोर्ड के रिजेक्शन के बाद '72 हूरें' का ट्रेलर रिलीज

# दंग कर देगी आतंकवाद की हकीकत




'द केरल स्टोरी' और 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद इस राह में एक और नई फिल्म आ रही है, जिसका नाम है '72 हूरें'। अब मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के ट्रेलर को सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट देने से इंकार कर दिया था, इसके बावजूद मेकर्स ने चुपके से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर '72 हूरें' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। कुछ रिपोर्ट्स का दावा है कि, इस विवाद के चलते थिएटर्स में '72 हूरें' का ट्रेलर नहीं दिखाया जाएगा।

यूट्यूब पर '72 हूरें' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ये कहानी बयां करती है कि कैसे आम आदमी का जिहाद के नाम पर ब्रेनवॉश किया जाता है। लोगों को लालच दिया जाता है कि उन्हें जन्नत में '72 हूरें' मिलेंगी। ट्रेलर में आत्मघाती हमले से लेकर तमाम मारकाट दिखाई जाती है। हालांकि ट्रेलर पूरी तरह से ब्लैक एंड व्हाइट नजर आ रहा है। यूजर्स सवाल कर रहे हैं कि क्या ये फिल्म भी 'भीड़' की तरह ब्लैंड एंड व्हाइट बनाई गई है।

### सर्टिफिकेशन को लेकर क्यों हुआ विवाद

'72 हूरें'को लेकर सेंसर बोर्ड ने कई मुद्दों पर आपत्ति जताई और ऐसे में उन्होंने इसे हरी झंडी देने से मना कर दिया। सीबीएफसी का कहना है कि ये आपत्तिजनक है, जो लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। ऐसे में बोर्ड ने '72 हूरें' के ट्रेलर को सर्टिफिकेट करने से मना कर दिया। हालांकि इसके बावजूद ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

### 7 जुलाई को फिल्म होगी रिलीज

पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर स्टारर '72 हूरें' का निर्माण गुलाब सिंह तंवर ने किया है। वहीं अशोक पंडित इसके सह-निर्माता हैं। यह फिल्म 7 जुलाई 2023 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसका डायरेक्शन दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले संजय पूरण सिंह ने किया है।

# 300 करोड़ी 'देवरा' में हुई साई पल्लवी की एंट्री !



'आरआरआर' के बाद जबसे जूनियर एनटीआर की फिल्म 'एनटीआर 30' की घोषणा हुई है तब ही से फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। इस फिल्म को 'देवरा'टाइटल दिया गया है और इसमें लीड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हैं। अब खबर है कि फिल्म में एक और खास एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म है। इसे पहले 'एनटीआर 30' नाम दिया गया था। फिल्म को कोरातला शिवा निर्देशित कर रहे हैं. फिल्म में एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान नजर आएंगे। अब फिल्म में नई एक्ट्रेस की एंट्री की खबर आ रही है। ये हैं साई पल्लवी, खबर है कि जूनियर एनटीआर की फिल्म में एक खास किरदार के लिए साई को चुना गया है। साई को भी अपना किरदार पसंद आया है और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है।

### हर किरदार में जंचती हैं

साई के 'देवरा' से जुड़ने की खबर से इस पैन इंडिया मूवी की चर्चा और बढ़ गई है। साई की फैन फॉलोइंग काफी है और वे अपने हर किरदार में फबती हैं। ऐसे में उनका जुड़ना जूनियर एनटीआर की फिल्म के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। साई के इस फिल्म से जुड़ने से जाह्नवी कपूर के लिए कॉम्पिटिशन बढ़ जाएगा। साई स्थापित एक्ट्रेस हैं, वहीं जाह्नवी इस फिल्म के लिए जरिए साउथ में डेब्यू कर रही हैं, हालांकि लीड एक्ट्रेस जाह्नवी हैं और साई का किरदार फिल्म में अलग है। जाह्नवी कपूर लंबे समय से साउथ में डेब्यू के लिए अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश में थीं।

## कंगना रनोत ने संदीप सिंह से मिलाया हाथ, बोलीं-

# फिल्म में अद्भुत होगा मेरा किरदार



एक्ट्रेस कंगना रनोत हाल ही में फिल्म 'इमरजेंसी' के टीजर को लेकर सुर्खियों में रहीं। इस फिल्म में वह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के रोल में नजर आएंगी। 'इमरजेंसी' के बाद कंगना अपनी प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स के बैनर तले बनी 'टीकू वेड्स शेरू' को लेकर चर्चा में रहीं।

कंगना रनोत ने बुधवार को संदीप सिंह के साथ एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का ऐलान किया। यह फिल्म किस नाम से होगी और इसका निर्देशक कौन होगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है मगर इतना जरूर है कि संदीप सिंह के साथ मिलकर कंगना रनोत एक बड़ी फिल्म की प्लानिंग में हैं।

### संदीप और मैं 13 साल से अच्छे दोस्त

इस बारे में कंगना रनौत ने कहा संदीप और मैं 13 साल से अच्छे दोस्त हैं और लंबे अर्से से साथ में काम करना चाह रहे थे। अब जाकर हमें एक बेहतरीन विषय और सशक्त किरदार मिला है, जिसमें काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। यह फिल्म मेरे करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म साबित होगी। फिल्म में मेरा किरदार अद्भुत होगा। फिल्म को लेकर अन्य जानकारियां जल्द ही सभी के साथ साझा की जाएंगी।

### साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार था

उधर, संदीप सिंह ने कहा हर किसी के लिए यह किसी सपने के पूरा होने जैसा है कि उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार और पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त अभिनेत्री कंगना रनोत के साथ काम करने का मौका मिले। मैं एक दशक से उनके साथ काम करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि आखिरकार इस फिल्म के जरिए मेरा विजन और सपना दोनों ही साकार होने जा रहा है।

### कंगना के लिए उचित कहानी ढूंढ़ना मुश्किल था

उन्होंने कहा,मैंने एक निर्माता के तौर पर इससे पहले भी कंगना को कुछ और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया था, लेकिन वे तमाम ऑफर उनकी प्रतिभा के अनुरूप नहीं थे। ऐसे में मैंने सही विषय और सही समय का इंतजार करना बेहतर समझा। कंगना की अभिनय प्रतिभा को मद्देनजर रखते हुए कंगना के लिए उचित कहानी ढूंढ़ना मुश्किल काम था। जब मेरे पास एक ऐसी ऐसी सशक्त कहानी आई, जिसके साथ सिर्फ कंगना ही न्याय कर सकती थीं तो मैंने फौरन कंगना से संपर्क किया और उन्हें यह कहानी सुनाई। इस बार वो मुझे मना नहीं कर पाईं। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होगी।